शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, शनिवार 15 नवंबर 2025 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 215 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	25.0	09.4
डालटनगंज	29.4	09.3
धनबाद	26.6	14.0

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

शुभम संदेश
रांची, शनिवार 15 नवंबर, 2025

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बाल दिवस पर यूनिसेफ के पूर्व बाल पत्रकारों और युवाओं ने की मुलाकात, अनुभव साझा किए

वर्तमान और आनेवाली पीढ़ी के बच्चे-बच्चियां व युवाओं के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

शुभम संदेश। रांची

राज्य की शिक्षा व्यवस्था में निरंतर हो रहा सकारात्मक बदलाव

छात्रवृत्ति योजनाओं से विद्यार्थियों को मिल रही आर्थिक मदद

बाल दिवस और झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांके रोड स्थित अपने आवासीय कार्यालय में यूनिसेफ के पूर्व बाल पत्रकारों और विभिन्न किशोर-युवा समूहों से आत्मीय संवाद किया. मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य बनने के 25 वर्षों की इस यात्रा में सरकार लगातार आगामी पीढ़ियों के लिए एक सशक्त भविष्य गढ़ने की दिशा में काम कर रही है. उन्होंने कहा कि बच्चों, किशोरियों और युवाओं का समग्र विकास ही समृद्ध झारखंड की आधारशिला है.

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं. गरीबी, जो बच्चों की पढ़ाई की सबसे बड़ी बाधा थी, उसे दूर करने के लिए सरकार कई महत्वाकांक्षी छात्रवृत्ति योजनाएं चला रही है. प्राथमिक से लेकर स्नातक स्तर तक विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे उनकी पढ़ाई निर्बाध जारी रह सके. इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के 80 सरकारी स्कूलों को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के रूप में अपग्रेड किया गया है, जहां निजी विद्यालयों की तर्ज पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है. आनेवाले वर्षों में बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों को इसी मॉडल में परिवर्तित करने की योजना है, ताकि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक भी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा पहुंच सके.

शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य मजबूत बनाने की चल रहीं योजनाएं : मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए भी कई कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं. राज्य सरकार जरूरत के अनुरूप योजनाओं का चरणबद्ध विस्तार करती रहेगी. उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उन साथियों तक पहुंचाने में मदद करें, जो अभी भी इससे वंचित हैं. मुख्यमंत्री ने बताया कि हर वर्ष 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है और लैपटॉप, मोबाइल और सम्मान राशि दी जाती है .

योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी मुख्यमंत्री को दी : कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व बाल पत्रकारों और केजीबीवी व जेबीएवी की बालिकाओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, समर अभियान, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, एमएचएम लैब्स, मध्याह्न भोजन में अंडे की व्यवस्था, इको क्लब और स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार जैसी पहलों ने उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण की राह आसान की है. इन योजनाओं से उनके परिवारों को भी बड़ी राहत मिली है .

राज्य सरकार के कार्यों की सराहना की : यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनिनिका मित्रा ने राज्य की 25 वर्षीय उपलब्धियों और बच्चों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार प्रत्येक बच्चे को आगे बढ़ने का अवसर देने के लिए गंभीर और सजग है. यूनिसेफ की विशेषज्ञ आस्था अलंग ने कहा कि यह अवसर भविष्य की संभावनाओं को मजबूत करने का है, ताकि हर बच्चा अपने सपनों को पूरा कर सके.

मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आप सभी बाल पत्रकारों एवं युवाओं से बातें कर मुझे बहुत अच्छा लगता है . मैं पुन : अपनी ओर से आप सभी को बाल दिवस एवं झारखंड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देता हूं. मुख्यमंत्री ने यूनिसेफ झारखंड द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की .

देवघर बाबा मंदिर प्रांगण के दानपात्र मंदिर प्रशासन की देखरेख में खोले गये

18 दान पात्रों से कुल 10,60,376 रुपए नकद मिले, नेपाली करेंसी, 21 डालर, 10 पाउंड भी मिले

देवघर/रांची। बाबा मंदिर प्रांगण स्थित 18 दान पात्रों को कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिर प्रशासन की देखरेख में शुक्रवार को खोला गया. दानपात्र से निकले पैसों को गिनती के लिए मंदिर प्रशासनिक भवन में रखा गया था. उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि प्रशासन की देखरेख में दानपात्रों को खोलने के बाद उसमें मिली नकद राशि की गिनती की गयी. गिनती के बाद दान पात्र से कुल 10,60,376 रुपए नकद मिले. इसके अलावा नेपाली करेंसी 1540, डॉलर- 21, कैनेडियन डॉलर - 50, पाउंड-10 दान स्वरूप प्राप्त हुए.

झारखंड पुलिस में 11 वायरलेस अवर निरीक्षकों को वायरलेस पुलिस निरीक्षक (ऑप.) पद पर प्रोन्नति

शुभम संदेश। रांची

महानिदेशक चयन पर्षद की अक्तूबर में हुई बैठक में लिए गए निर्णय एवं अनुशंसा के आधार पर शुक्रवार को 11 सीधे नियुक्त वायरलेस अवर निरीक्षक (ऑप.) को प्रोन्नति दी गयी.महानिदेशक सह पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड द्वारा 11 सीधे नियुक्त वायरलेस अवर निरीक्षक (ऑप.) को वायरलेस पुलिस निरीक्षक (ऑप.) के पद पर प्रोन्नति की स्वीकृति गयी है.

प्रोन्नत पुलिस निरीक्षक

1. अनि (ऑप) शिवेन्द्र कुमार
2. अनि (ऑप) पूजा कुमारी साह
3. अनि (ऑप) सज्जन कुमार यादव
4. अनि (ऑप) चंद्रकेश कुमार
5. अनि (ऑप) चंद्रजीत कुमार नन्दा
6. अनि (ऑप) कुन्दन कुमार
7. अनि (ऑप) अभिषेक कुमार
8. अनि (ऑप) अजय कुमार साव
9. अनि (ऑप) रजनीश कुमार
10. अनि (ऑप) वसीम अंसारी
11. अनि (ऑप) मुकेश कुमार.

अवैध विज्ञापनों पर नगर निगम की सख्त कार्रवाई, तीन संस्थानों को नोटिस और 4.51 लाख रुपए का जुर्माना

शुभम संदेश। रांची

नगर निगम रांची की बाजार शाखा द्वारा शहर में अवैध विज्ञापनों के खिलाफ अभियान जारी है. निगम क्षेत्र में बिना अनुमति लगाए गए विज्ञापनों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में शुक्रवार को तीन संस्थाओं, द हंगरी आवर्स, एजुकेशन इंस्टीट्यूट और जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट को नोटिस जारी किया गया. इन संस्थाओं द्वारा बिना निगम की अनुमति विज्ञापन लगाए जाने पर कुल ₹4,51,170 का जुर्माना लगाया गया. नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि कार्यालय की पूर्व अनुमति के बिना नगरपालिका क्षेत्र में किसी भी प्रकार का विज्ञापन लगाना प्रतिबंधित है, चाहे वह भूमि, भवन, दीवार, फ्रेम, छतरी, ढांचा, वाहन आदि पर हो या सार्वजनिक स्थान से दिखाई दे. उल्लंघन की स्थिति में नोटिस जारी किया जाएगा, विज्ञापन हटाए जाएंगे और उपविधि के अनुसार आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा.नगर निगम रांची शहरवासियों, विज्ञापन एजेंसियों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और संस्थानों से अपील करता है कि विज्ञापन प्रदर्शित करने से पहले निगम की अनुमति लें और शहर की स्वच्छता एवं सौंदर्य संरक्षण में सहयोग करें.

कोर्ट के आदेश के बाद जल संसाधन विभाग में ताला

निविदा कर्मचारियों के बकाया वेतन की मांग तेज हुई

शुभम संदेश। देवघर/रांची

1996 से चल रहा है मुकदमा

देवघर सिविल कोर्ट ने एक अनूठा आदेश जारी करते हुए गुरुवार को झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग में ताला लगा दिया. यह आदेश उन निविदा कर्मचारियों के लंबे संघर्ष के बाद आया है, जिन्हें 1996 में बिना किसी कारण के हटाया गया था. इन कर्मचारियों ने अपने बकाया वेतन और हक के लिए न्याय की गुहार लगाई थी.वर्ष 2014 में देवघर श्रम न्यायालय ने निविदा कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए आदेश दिया कि उनके सभी बकाया वेतन का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए. हालांकि, जल संसाधन विभाग ने श्रम न्यायालय के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, लेकिन हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को सही ठहराया. इसके बावजूद पिछले दस वर्षों में विभाग ने किसी भी कर्मचारी को उनका बकाया वेतन नहीं दिया.

कोर्ट के आदेश का पालन न करने पर गुरुवार को देवघर सिविल कोर्ट ने यह निर्देश दिया कि जब तक निविदा कर्मचारियों का भुगतान नहीं किया जाता, विभाग के कार्यालय में ताला लगाया जाए. आदेश के बाद आक्रोशित कर्मचारी कार्यालय में तालाबंदी कर चुके हैं और जल्द से जल्द अपने बकाए वेतन की मांग कर रहे हैं. पीड़ित कर्मचारी जगत नारायण श्रीवास्तव ने कहा कि 1976 से 1996 तक उन्होंने विभाग में सेवा दी और नौकरी को स्थायी करने की मांग की थी. लेकिन विभाग ने उन्हें और अन्य कर्मचारियों को एक ही दिन में नौकरी से हटा दिया और उनका बकाया वेतन भी नहीं दिया. कई कर्मचारियों की इस लंबी लड़ाई के दौरान मृत्यु हो गयी, जबकि बचे हुए कर्मचारी अपनी आखिरी सांसे गिन रहे हैं.

कर्मचारियों के पक्ष में पैरवी कर रहे वकील विवेकानंद ने बताया कि मामला अत्यंत पुराना है. श्रम न्यायालय और उच्च न्यायालय दोनों ने कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाया, फिर भी विभाग ने भुगतान नहीं किया. यही कारण है कि देवघर सिविल कोर्ट ने अब तालाबंदी का आदेश दिया. कर्मचारियों ने कहा कि न्यायालय के आदेश के 11 साल बाद भी यदि बुजुर्ग कर्मचारियों को उनका हक नहीं मिलता है, तो यह राज्य की गंभीर विफलता है. उनका कहना है कि बुजुर्गों की परेशानी और असहाय स्थिति युवाओं के लिए प्रेरक उदाहरण नहीं बन सकती. बता दें कि जल संसाधन विभाग में पंप खलासी, ड्राइवर, नाइट गार्ड, चपरासी जैसे पदों पर कार्यरत सभी कर्मचारियों को अचानक एक आदेश के तहत नौकरी से हटा दिया गया और उनके बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया. इसके बाद सभी ने अदालत का सहारा लेकर अपने हक के लिए न्याय की गुहार लगायी.

प्रदेश कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनायी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में ललगुटवा बैंक्वेट हॉल में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर नेताओं ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर देश निर्माण में उनके योगदान को याद किया. प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के शिल्पकार थे, जिन्होंने स्वतंत्रता के बाद देश की मजबूती के लिए पंचवर्षीय योजनाओं की शुरुआत की. उन्होंने आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं की स्थापना की. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि नेहरू भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के महान नेता थे. वह विश्व शांति के समर्थक थे और पंचशील के सिद्धांत के जरिए वैश्विक सहयोग और शांति के प्रबल समर्थक बने. वे गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापक और गंभीर लेखक भी थे, जिनकी पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया में भारत के हर पहलू का जीवंत चित्रण किया गया है.

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश प्रभारी सीरीबेला प्रसाद, विधायक दल नेता प्रदीप यादव, पूर्व मंत्री बादल पत्र, लेख बृजेंद्र सिंह, तनवीर आलम, अमूल्य नीरज, खलको राकेश सिंह, सतीश पॉल, मुंजनी सोनाल, शांति सूर्यकांत शुक्ला, गजेंद्र सिंह, शांतनु मिश्रा, अभिलाष साहू, सुल्तान अहमद, राजन वर्मा, प्रेम प्रकाश नाथ, शाहदेव अजय शाहदेव, एनुल हक, राजीव रंजन मुख्य रूप से उपस्थित थे.

एक नजर

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट के सिल्वर जुबली समारोह में शामिल होने का आमंत्रण मिला

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में प्रधान सचिव (विधि) नीरज कुमार श्रीवास्तव ने मुलाकात की. उन्होंने मुख्यमंत्री को 15 नवंबर 2025 को झारखंड हाईकोर्ट परिसर में आयोजित होने वाले "सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन ऑफ हाईकोर्ट ऑफ झारखंड" कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं.

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश आर महादेवन ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना की

रांची/देवघर। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश आर महादेवन ने अपने परिवार के साथ शुक्रवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया. पूजा से पूर्व तीर्थ पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ न्यायाधीश को संकल्प कराया.न्यायाधीश आर. महादेवन ने द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की. पूजा के बाद मौके पर उपस्थित उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक सौरभ ने न्यायाधीश को स्मृति चिन्ह और बाबा बैद्यनाथ का प्रसाद भेंट किया.

झारखंड के 516 पुलिसकर्मियों को बड़ी राहत, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 1.69 करोड़ की सहायता मंजूर

रांची। झारखंड पुलिस ने अपने पुलिसकर्मियों और उनके निकट परिजनों को गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए बड़ी आर्थिक सहायता प्रदान की है. पुलिस सहाय्य एवं कल्याण कोष से 516 पुलिसकर्मियों के इलाज के लिए कुल 1 करोड़ 69 लाख रुपये की राहत राशि स्वीकृत की गई है. यह सहायता मुख्य रूप से हार्ट सर्जरी, किडनी के इलाज और अन्य महंगी चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए दी जा रही है.पुलिस मुख्यालय को कुल 602 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 516 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई. प्रभारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक में सभी आवेदनों की गहन समीक्षा की गई, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया.प्रभारी डीजीपी तदाशा मिश्रा के निर्देश पर डीआईजी (बजट) ने राशि जारी करने के लिए आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं. सहायता राशि संबंधित जिलों के एसपी और पुलिस के विभिन्न विंगों को भेजी जाएगी, जहां वर्तमान में लाभुक पुलिसकर्मी पदस्थापित हैं.

मौसम सुबह के समय घना कोहरा और हल्की धुंध रहने की संभावना, फिर मौसम शुष्क रहेगा

रहें सावधान! झारखंड में पड़ रही है हाड़ कंपाने वाली ठंड, कई इलाकों में शीतलहर की चेतावनी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में सर्दी ने इस बार कुछ ज्यादा ही जोर पकड़ लिया है. राज्य के कई जिलों में तापमान अचानक नीचे गिरने लगा है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है. मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य झारखंड के कई हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बन गई है. पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा में रहने वाले लोगों को विशेष सतर्क रहने की सलाह दी गई है. अगले कुछ दिनों तक सुबह के समय घना कोहरा और हल्की धुंध रहने की संभावना है, जिसके बाद आसमान साफ और मौसम शुष्क रहेगा. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, झारखंड में बढ़ती सर्दी को देखते हुए आने वाले दिनों में लोगों को सतर्क और तैयार रहने की जरूरत है. पहली ही लहर ने ठंड के तेवर दिखा दिए हैं, इसलिए सावधानी ही बचाव है.

24 घंटों में खूंटी सबसे ठंडा जिला रहा : पिछले 24 घंटों के तापमान की बात करें तो खूंटी सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. रांची में भी ठंड का असर साफ दिखा और शहर का न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि हिनू में पारा और गिरकर 9.4 डिग्री पर पहुंच गया. सिमडेगा में 7.3, डालटनगंज में 9.3, लोहरदगा में 9.7, हजारीबाग में 9.9 और पश्चिमी सिंहभूम में 10.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया. खास बात यह है कि कई इलाकों में पिछले 24 घंटों में तापमान में 6.5 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे ठिठुरन और बढ़ गयी है.

ठंड के कारण फ्लू होने, ब्लड प्रेशर बढ़ने की संभावना : मौसम विभाग ने लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित सावधानियों को गंभीरता से लेने की सलाह दी है. ठंड के कारण फ्लू होने की संभावना बढ़ जाती है. कई बार नाक से पानी आने के साथ नाक से खून आने की समस्या भी देखने को मिलती है. अत्यधिक ठंड ब्लड प्रेशर बढ़ा सकती है. यदि शरीर में कंपकंपी महसूस हो रही हो, तो इसे बिल्कुल नजरअंदाज न करें, क्योंकि यह शीतलहर का संकेत हो सकता है. ठंड का असर त्वचा पर भी पड़ता है, जिससे त्वचा पीली, कठोर और सुन्न हो सकती है.

त्वचा को सूखने से बचाने के लिए तेल-क्रीम लगाएं : सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग सबसे महत्वपूर्ण है. इसके साथ ही त्वचा को सूखने से बचाने के लिए तेल या क्रीम से नियमित रूप से मॉइस्चराइज करना चाहिए. विटामिन–सी से भरपूर फलों और हरी सब्जियों का सेवन प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है, जिससे शरीर ठंड का मुकाबला बेहतर तरीके से कर पाता है. मौसम केंद्र ने यह भी सलाह दी है कि कमरे में हीटर का उपयोग करते समय वेंटिलेशन का खास ध्यान रखा जाए,

केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन का त्रैवार्षिक सम्मेलन संपन्न, रांची के शैलेश त्रिपाठी चुने गए वरिष्ठ उपाध्यक्ष

शुभम संदेश। रांची

केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन का 20वां राष्ट्रीय त्रैवार्षिक सम्मेलन विशाखापत्तनम में संपन्न हुआ. इस सम्मेलन में झारखंड समेत देशभर से 7000 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न नीतिगत व संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की. कार्यक्रम में केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक सत्यनारायण राजू के जीवन पर आधारित "द मास्टर स्टिच" नामक पुस्तक का विमोचन किया गया. पुस्तक की लेखिका उनकी माता रमा सीता हैं. एसोसिएशन के महासचिव के रविकुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक अधिकारियों की एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी एकजुटता ने संगठन को देश का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेड यूनियन बनाया है. बैंक अधिकारियों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए एसोसिएशन लगातार प्रयासरत है.

रविकुमार ने बैंक के एमडी सत्यनारायण राजू को अधिकारियों के कल्याण और बैंक के विकास में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया. सम्मेलन में बैंकिंग उद्योग और ट्रेड यूनियन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और 100 से अधिक प्रस्ताव पारित किए गए, जिन्हें बैंक प्रबंधन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा. सम्मेलन में नए पदाधिकारियों का भी चुनाव हुआ, जिसमें के रविकुमार पुनः महासचिव, राजीव निगम अध्यक्ष, जैकब चेयरमैन और रमा प्रसाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए. रांची के शैलेश त्रिपाठी भी वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए. इसके अलावा शशि बागे संगठन महासचिव, रविंद्र सिन्हा उप महासचिव, मणिकांत सहायक महासचिव और दीपक कुमार, अनिल मल्लिक, अनिल कुमार, सावन कुमार, सुमन तिर्की और सुशील को केंद्रीय समिति में चुना गया.

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड 25

उलगुलान के महानायक

भगवान बिरसा मुंडा

की 150वीं जयंती पर 25 वर्ष का युवा झारखण्ड धरती आबा को नमन करता है

जोहार

उलिहातू

झारखण्ड के खूंटी स्थित उलिहातू की पहाड़ियों और जंगलों में जन्मा एक ऐसा महानायक, जिसने अपने साहस और संघर्ष से ब्रिटिश शासन को चुनौती दी। वे बिरसा मुंडा थे, जिन्हें उनके अनुयायियों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के रूप में पूजा।

बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के अधिकारों के लिए संघर्ष का बिगुल बजाया, उनका उद्देश्य स्पष्ट था। लोगों को उनकी भूमि और अधिकार वापस दिलाना।

बिरसा मुंडा के क्रांतिकारी विचारों से विचलित हो कर ब्रिटिश शासकों ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। जेल में ही 09 जून 1900 को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा शहीद हो गए।

लेकिन उनके उलगुलान का संदेश थमा नहीं। बिरसा मुंडा समेत वीर पुरखों के आदर्शों पर चल कर लंबे संघर्ष और बलिदान के बाद आंदोलनकारियों ने झारखण्ड अलग राज्य का सपना पूरा किया। आज धरती आबा का युवा झारखण्ड हम सभी के समक्ष है।

श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती पर 21,000 ग्राम संगठनों में विशेष कार्यक्रम

ग्रामीण महिलाओं और जनप्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी, सामाजिक-आर्थिक बदलावों और महिला नेतृत्व की भूमिका पर हुआ संवाद

रांची। झारखंड रजत जयंती के अवसर पर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राज्यभर के 21,000 से अधिक ग्राम संगठनों में एक साथ विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इन आयोजनों में सखी मंडल की ग्रामीण महिलाओं के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. सभी ग्राम संगठनों में झारखंड की रजत जयंती पर राज्य की प्रगति, सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिला नेतृत्व की बढ़ती भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई.

ग्राम संगठनों में सामुदायिक चर्चा और भविष्य की दिशा : बैठकों में खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य पर सामुदायिक विमर्श हुआ, जिसमें सखी मंडलों ने अगले पांच वर्षों की विकास प्राथमिकताएं तय कीं. महिलाओं ने कम्युनिटी निवेश फंड (सीआईएफ) व बैंक ऋण की 100% वापसी, वित्तीय अनुशासन को मजबूत करने, आजीविका गतिविधियों के विस्तार तथा महिला प्रधान, एकल और अति-गरीब परिवारों को संवेदनशीलता कमी निधि और आजीविका योजनाओं से जोड़ने का संकल्प लिया. साथ ही लैंगिक-आधारित हिंसा, स्वास्थ्य, पोषण और समुदाय सुदृढ़ीकरण से जुड़े शपथ-पत्रों के पालन का भी संकल्प दोहराया.

उत्कृष्ट सखी मंडल और कैडरों का सम्मान : रजत जयंती वर्ष में आयोजित इस राज्यव्यापी कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेष्ठ स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कैडरों को सम्मानित किया गया. जेएसएलपीएस द्वारा आयोजित यह व्यापक पहल न केवल झारखंड की 25 वर्षों की विकास यात्रा का उत्सव है, बल्कि आनेवाले वर्षों में एक मजबूत, समावेशी और समुदाय-केन्द्रित विकास मॉडल की दिशा में ठोस कदम भी है.

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न

फरवरी में होगी एसए 2 की परीक्षा, रिजल्ट असंतोषजनक हुआ, तो स्कूल प्रबंधकों और प्राचार्यो पर होगी कार्रवाई : सचिव

स्कूलों में सिलेबस कवरेज की होगी निरंतर मॉनिटरिंग, लापरवाही बरतने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शैक्षणिक प्रगति को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव श्री उमाशंकर सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में सिलेबस कवरेज, एसए1 के परीक्षा परिणाम, प्री-टेस्ट, डिजिटल रिपोर्ट कार्ड और शिक्षण व्यवस्था से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई.

सचिव ने सभी प्राचार्यों और स्कूल प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में बोर्ड परीक्षा में एक भी बच्चा असफल नहीं होना चाहिए. उन्होंने समय पर सिलेबस पूरा करने और नियमित मॉनिटरिंग

के निर्देश देते हुए कहा कि पर्याप्त शिक्षक होने के बावजूद किसी विषय का परिणाम खराब पाया गया, तो संबंधित शिक्षक एवं हेडमास्टर दोनों जवाबदेह होंगे. 33% से कम अंक लाने की स्थिति में दोनों के विरुद्ध कार्रवाई तय है. राज्य पीएमयू को चयनित स्कूलों का निरीक्षण कर सिलेबस कवरेज की वास्तविक स्थिति रिपोर्ट करने को कहा गया. बैठक में फरवरी माह में समिटिव असेसमेंट-2 परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया. सचिव ने सभी स्कूलों को एसए-2 में शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने का लक्ष्य दिया और स्पष्ट कहा कि यदि परिणाम असंतोषजनक आया तो स्कूल प्रबंधकों पर कार्रवाई होगी.

बैठक के दौरान कोडरमा के झुमरी तिलैया स्थित सीडी गर्ल्स सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में लापरवाही सामने आने पर सचिव ने डीईओ को फटकार लगाई और स्कूल प्रबंधक उदय प्रकाश सिंह को शोकॉज जारी करने का निर्देश दिया. इसके लिए तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है. साथ ही टीएनए व सीसीपीडी कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों की एक जांच समिति गठित करने का निर्देश दिया गया, जो स्कूल का निरीक्षण कर प्रतिवेदन सौंपेगी. इस रिपोर्ट के आधार पर अन्य शिक्षकों और प्राचार्य पर भी कार्रवाई होगी तथा उनका वेतन रोका जा सकता है.

सचिव ने निर्देश दिया कि एसए-1 में 45% से कम अंक लाने वाले विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से रेमिडियल क्लास दी जाए. कक्षा समाप्त होने के बाद रोजाना इन कक्षाओं का संचालन जरूरी होगा. लापरवाही पर संबंधित स्कूलों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होगी.

पहली बार सरकारी स्कूलों में डिजिटल रिपोर्ट कार्ड तैयार किए जा रहे हैं. सचिव ने 17 नवंबर तक इसे तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि यह झारखंड के लिए ऐतिहासिक कदम है. रिपोर्ट कार्ड हर तीन माह में अपडेट किए जाएंगे.

इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में प्रतिनियुक्ति केवल उन्हीं शिक्षकों की होगी, जिन्होंने टीएनए में 70% से अधिक अंक प्राप्त किए हों या सीसीपीडी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो. उन्होंने कहा कि इन स्कूलों के शिक्षकों को किसी प्रशिक्षण कार्य हेतु डायट, जेसीईआरटी आदि में प्रतिनियुक्त नहीं किया जाएगा. ऐसी प्रतिनियुक्ति होने पर शिक्षकों को तुरंत उनके मूल विद्यालय में वापस भेजने का निर्देश दिया गया.

दिल्ली में देश की सबसे बड़ी प्रदर्शनी सह बिक्री भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का शुभारंभ

44वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड प्रदर्शित कर रहा है प्रदेश की विशिष्टता

शुभम संदेश। नयी दिल्ली/रांची

भारत मंडपम, नई दिल्ली में शुक्रवार को देश की सबसे बड़ी प्रदर्शनी सह बिक्री (भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला) में झारखंड पवेलियन का विधिवत उद्घाटन झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया.उन्होंने कहा कि झारखंड देश के अग्रणी प्रदेशों में एक है. इस वर्ष भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले की थीम एक भारत श्रेष्ठ भारत है. झारखंड प्रदेश इसमें अपनी विशिष्टता प्रदर्शित कर रहा है. भारत मंडपम का यह पटल राज्य की अलग-अलग उपलब्धियों और वस्तुओं को प्रदर्शित करने का उपयुक्त पटल है. हमें आशा है यहां आनेवाले आगंतुक हमारे द्वारा प्रदर्शित की गई चीजों को पसंद करेंगे. इस अवसर पर मंत्री ने दीप प्रज्वलित किया और पवेलियन में स्थापित

भगवान बिरसा मुंडा और सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित पवेलियन में लगे सभी विभागों के स्टालों का अवलोकन किया. इस वर्ष मेले में झारखंड प्रदेश फोकस स्टेट है. अपने स्थापना के 25 साल पूरा होने का जश्न मनाते हुए प्रदेश के प्रमुख सरकारी संस्थानों के साथ-साथ शिल्पकारों के वस्तुओं की प्रदर्शनी सह बिक्री के स्टाल लगाए गए हैं. मौके पर उद्योग सचिव अरवा राजकमल, प्रबंध निदेशक जूडिको वरुण रंजन, उद्योग निदेशक विशाल सागर, संयुक्त निदेशक उद्योग प्रणव कुमार पॉल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे.

पारस हॉस्पिटल एचईसी में चिल्ड्रेंस डे और डायबिटीज डे मना

रांची। पारस हॉस्पिटल एचईसी में शुक्रवार को चिल्ड्रेंस डे और वर्ल्ड डायबिटीज डे संयुक्त रूप से मनाया गया. इस अवसर पर बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता, गेम्स, हेल्दी फूड अवेयरनेस और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. वहीं, डायबिटीज की रोकथाम, जागरूकता और जीवनशैली में सुधार को लेकर विशेष हेल्थ टॉक, स्क्रीनिंग कैंप और परामर्श सत्र आयोजित किए गए. डॉक्टरों ने मरीजों को समय पर जांच, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में जानकारी दी. फैसलिटी डायरेक्टर नीतेश कुमार

ने कहा कि यह संयुक्त आयोजन स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और बच्चों के समग्र विकास के उद्देश्य से किया गया है. पारस हॉस्पिटल हमेशा से समुदाय के स्वास्थ्य सुधार की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है. पारस हॉस्पिटल हमेशा से उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और मरीजों के बेहतर उपचार के लिए प्रतिबद्ध रहा है. चिल्ड्रेन डे के अवसर पर आयोजित गतिविधियों के जरिए बच्चों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और उनके भीतर आत्मविश्वास जगाने का प्रयास किया गया. उन्होंने सभी डॉक्टरों, स्टाफ और कार्यक्रम में शामिल बच्चों व अभिभावकों का धन्यवाद भी दिया.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले झारखंड स्टेट टेबल टेनिस संघ के संरक्षक जय कुमार सिन्हा

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड स्टेट टेबल टेनिस संघ के संरक्षक जय कुमार सिन्हा ने मुलाकात की. मुख्यमंत्री को उन्होंने आगामी 6 से 13 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाले यूटीटी-5वें नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया.

एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम

रांची। एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल, हरमू में बाल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य ने करते हुए बच्चों को जवाहरलाल नेहरू के जीवन से प्रेरणा लेने और नैतिक मूल्यों के साथ जीवन जीने की सीख दी. निदेशक कुणाल कश्यप ने अपने संबोधन में अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया. उन्होंने कहा कि अनुशासन से जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है. कार्यक्रम में बच्चों और शिक्षकों ने गीत, नृत्य और नाटक की रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं.

शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत नाटकों में मोबाइल के दुरुपयोग, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी, एम्बुलेंस को रास्ता देने की जागरूकता और पढ़ाई के प्रति लापरवाही जैसे विषयों को रोचक तरीके से दर्शाया गया. इस अवसर पर प्राचार्य शादान आलम, सेक्रेटरी अनुज हेंब्रम, हिमांशु दुबे सहित सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे.

मुख्यमंत्री ने सरकारी/निजी मेडिकल कॉलेजों में गलत प्रमाण पत्रों के आधार पर नामांकन की जांच कराने का निर्देश दिया

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सरकारी/निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में यूजी और पीजी के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में गलत जाति/स्थायी निवासी एवं ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों के आधार पर प्रवेश लेने के संबंध में अंतर विभागीय समिति गठित कर इसकी जांच करने का निर्देश दिया है. साथ ही जांच प्रतिवेदन के आलोक में सीआईडी द्वारा एफआईआर दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई करने का भी आदेश दिया है. मुख्यमंत्री सोरेन ने स्ट्रे राउंड काउंसलिंग की तिथि बढ़ाने हेतु भारत सरकार को पत्र भेजने का निर्देश दिया है, ताकि जांच के उपरांत स्ट्रे राउंड की काउंसलिंग की जा सके.

समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए व्यवसायी सह समाजसेवी सुबोध गुप्ता सम्मानित

रांची। बीपी कंस्ट्रक्शन के भीम प्रसाद गुप्ता ने शुक्रवार सुबह मोरहाबादी मैदान में व्यवसायी सह समाजसेवी कोकर चूना भट्ठा निवासी सुबोध कुमार गुप्ता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. सुबोध गुप्ता को समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए रांची के मोरहाबादी मैदान में सुबह टहलने वाले मित्रों के उपस्थिति में सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया. मौके पर अमन कुमार, मुकेश कुमार, सीबीआई के सेवानिवृत्त एसपी पाणिग्रही, विनोद प्रकाश सिंह, विजय कुमार, केके दयाल, सरकार गोविंद सिंह छाबड़ा, अजीत कुमार पांडेय, रतन वर्मा, प्रवीण सिन्हा, प्रदीप अग्रवाल, अनिल कक्कर, नील मोहन यादव उपस्थित थे.

अध्यात्म लालपुर पीस रोड स्थित गुजराती पटेल भवन में श्रीराम कथा सुनने को उमड़े श्रद्धालु

श्री नरसिंह बांध बालाजी धाम के सान्निध्य में चल रहा अखंड सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ

शुभम संदेश। रांची

लालपुर पीस रोड स्थित गुजराती पटेल भवन में गुरुवार से शुरू हुआ अखंड सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा. प्रातःकालीन आरती के मुख्य यजमान संदीप गोयल एवं शीतल पांडेय ने सपत्नीक विधि-विधान से पूजन-अर्चना कर पाठ का शुभारंभ किया. इसके बाद दिन भर श्रीहनुमान चालीसा पाठ के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. बच्चे, युवा से लेकर बुजुर्गों तक में पाठ करने को लेकर उत्साह बना रहा. खास कर पीस रोड इलाके के लॉज और गर्ल्स हॉस्टल में रहनेवाली लड़कियों में पाठ को लेकर खासा उत्साह रहा. पाठ के बाद आयोजन

स्थल के पहले तल्ले पर भंडारा सह प्रसाद की व्यवस्था की गयी है. पाठ करने के बाद श्रद्धालु भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं. दूसरे दिन के भंडारे के लिए सारी व्यवस्था व्यवसायी सह श्री नरसिंह बांध बालाजी धाम रांची शाखा के सदस्य अशोक धानुका, साकेत मोदी और जयप्रकाश मित्तल ने की. वही बालाजी महाराज के सवामनी भोग प्रसाद की व्यवस्था अशोक धानुका की ओर से की गयी.

श्री नरसिंह बांध बालाजी धाम रांची शाखा के अनिल अग्रवाल, राजेश लड्ढा, पवन अग्रवाल, संदीप गोयल, अंकित अग्रवाल, विनोद कुमार पांडेय आयोजन को सफल में दिन-रात जुटे हैं. इसके अलावा

बालाजी धाम रांची शाखा के अन्य सदस्य भी आयोजन को सफल बनाने के लिए तन, मन, धन से जुटे हैं. दिन भर श्रद्धालु श्री नरसिंह बांध बालाजी धाम, बर्नपुर आसनसोल से पधारे संतोष भाई जी आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ रोजी-रोजगार सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए उनका मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं. श्रद्धदालुओं का कहना है कि संतोष भाई जी के मार्गदर्शन से उनमें उत्साह व नयी ऊर्जा का सांर होता है. संतोष भाई जी सभी को ज्यादा से ज्यादा से श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने को प्रेरित करते हैं.

श्री रामकथा सुन कर भाव विभोर हुए श्रद्धालु : श्री हनुमान चालीसा पाठ स्थल गुजराती पटेल भवन में शाम 4 से 6 बजे तक अयोध्याधाम से पधारे गुरुवर दिलीप दास 'त्यागी' मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की कथा सुनायी. कथा 20 नवंबर तक हर दिन जारी रहेगी.गुरुवार लीप दास ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का गुणगान किया, बल्कि उनके जीवन आदर्शों पर अत्यंत दिव्य और भावपूर्ण प्रवचन दिया, जिसे उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने मनोयोग से सुना. कथा सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए. आज की श्रीराम कथा के मुख्य यजमान अशोक धानुका और उनकी धर्मपत्नी निमिषा धानुका रहे. उन्होंने पूर्ण विधि-विधान से श्रीरामचरितमानस और व्यासपीठ की पूजन-अर्चना कर कथा का शुभारंभ कराया.

रांची, शनिवार 15 नवंबर 2025 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 215 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

बिहार विधानसभा चुनाव 2025

एनडीए गठबंधन		महागठबंधन	
भाजपा.....	89	राजद.....	25
जदयू.....	85	कांग्रेस.....	06
लोजपा (आर).....	19	लेफ्ट.....	03
रालोमो.....	04	वीआईपी.....	00
हम.....	05	आईआईपी.....	01

एआईएमआईएम : 05 | बीएसपी : 01 | कुल सीट : 243 | बहुमत :122

बिहार विस चुनाव में एनडीए गठबंधन को मिली अपार सफलता, महागठबंधन का सुपड़ा हुआ साफ

बिहार में भगवा लहराया

बीजेपी के 95% स्ट्राइक रेट ने एनडीए की सुनामी ला दी

बिहार में 89 सीटों के साथ भाजपा बनी नंबर-1 पार्टी

जदयू दूसरे नंबर व राजद तीसरे नंबर की बनी पार्टी

विस सीट : 243

एनडीए : 202

महागठबंधन : 35

संवाददाता । पटना

बिहार बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए 243 में से 202 सीटों पर जीत दर्ज की है. बीजेपी इस चुनाव की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जिसने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था. करीब 90 प्रतिशत की स्ट्राइक रेट के साथ बीजेपी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और चुनावी पकड़ बिहार जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य में भी बेहतरीन ढंग से काम करती है. वहीं आरजेडी, कांग्रेस और वाम दलों वाले महागठबंधन की हालत बेहद खराब रही. चुनाव पूर्व में आए सर्वे और ओपिनियन पोल ने तेजस्वी यादव को पसंदीदा मुख्यमंत्री चेहरा बताया था, लेकिन नतीजे बताते हैं कि गठबंधन 35 सीटों का आंकड़ा पर ही पहुंच पाए. बीजेपी की यह जीत न केवल उसकी राजनीतिक ताकत को और मजबूत करेगी, बल्कि लोकसभा चुनाव 2024 में झेल चुके झटके को भी संतुलित करेगी. पार्टी को केंद्र में सत्ता बनाए रखने के लिए सहयोगियों की जरूरत पड़ी थी, लेकिन बिहार में उसके रफ्तार ने एक बार फिर उसकी चुनावी मशीनरी की ताकत साबित कर दी है. वहीं इस बार महिला मतदाताओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक रही. विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, बिहार की महिलाएं एनडीए के समर्थन में अधिक झुकाव रखती हैं, और इस चुनाव में भी उनकी भूमिका निर्णायक साबित हुई. एनडीए के अलायंस एलजेपी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान, जो खुद को पीएम मोदी का 'हनुमान' कहते हैं, इस बार 28 उम्मीदवार ही उतार पाए. फिर भी उनकी पार्टी ने 19 सीटों पर दर्ज की है. इधर पीएम और सीएम की संयुक्त रैलियों ने भी जनमानस को संगठित रूप से प्रभावित किया. साथ ही कानून-व्यवस्था, विकास योजनाओं और बुनियादी ढांचे में सुधार को लेकर सत्ता पक्ष ने एक ऐसा नैरेटिव प्रस्तुत किया, जिसे जनता ने स्वीकार किया. बताया जाता है कि इस चुनाव में 125 यूनिट मुफ्त बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी और 1 करोड़ से अधिक महिलाओं को 10,000 रुपये की सहायता ने जनता पर गहरी छाप छोड़ी. महागठबंधन बीजेपी पर हमले करता रहा, लेकिन जंगल राज का मुद्दा इस बार भी तेजस्वी के खिलाफ गया.

मैं विपक्ष के प्रति शोक प्रकट करता हूं : प्रमोद कृष्णम

नयी दिल्ली : कल्किधाम के पीठाधीश्वर व पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों पर बड़ा बयान दिया है. बिहार चुनाव को लेकर विपक्ष के आरोपों पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, विपक्ष अपना मानसिक संतुलन खो चुका है. मैं विपक्ष के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं.

बिहार में प्रचंड जीत के बाद विजय संदेश में बोले पीएम मोदी

ये अटूट विश्वास : बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया

एजेंसी । नयी दिल्ली

बिहार में एनडीए प्रचंड बहुमत की ओर बढ़ रही है. इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सबसे

बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ih,e नरेंद्र मोदी ने जय छठी मैया से अपने संबोधन की शुरूआत की. पीएम ने कहा कि बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया.

बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया : पीएम मोदी बिहार के नतीजों पर पीएम मोदी ने कहा, रये प्रचंड जीत, ये अटूट विश्वास... बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया. हम एनडीए के लोग, हम तो जनता जनार्दन के सेवक हैं. हम अपनी मेहनत से जनता का दिल खुश करते रहते हैं और हम तो जनता जनार्दन का दिल चुरा कर बैठे हुए हैं, इसलिए आज बिहार ने बता दिया है कि फिर एक बाद एनडीए सरकार. उन्होंने कहा, बिहार के लोगों ने विकसित बिहार के लिए मतदान किया है. बिहार के लोगों ने समृद्ध बिहार के लिए मतदान किया है. मैंने चुनाव प्रचार के दौरान, बिहार की जनता से रिकॉर्ड वोटिंग का आग्रह किया था और बिहार के लोगों ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए. मैंने बिहार के लोगों से एनडीए को प्रचंड विजय दिलाने का आग्रह किया था, बिहार की जनता ने मेरा ये आग्रह भी माना.

कट्टा सरकार बिहार में कभी नहीं लौटेगी : उन्होंने कहा, रजब मैं जंगलराज और कट्टा सरकार की बात करता था तो आरजेडी कोई आपत्ति नहीं जताती थी. हालाँकि, इससे कांग्रेस बेचैन हो जाती थी. आज मैं फिर से दोहराना चाहता हूं कि कट्टा सरकार बिहार में कभी नहीं लौटेगी.

'सांप्रदायिक एमवाई फॉर्मूला का अंत' : पीएम मोदी ने कहा, इस बार लोगों ने बिना डरे मतदान किया. बिहार ने 2010 के बाद का सबसे बड़ा जनादेश एनडीए को दिया. महागठबंधन ने तुष्टीकरण वाला एमवाई फॉर्मूला बनाया था. आज की जीत ने सकारात्मक एमवाई फॉर्मूला महिला और यूथ बनाया. जनता ने जंगलराज वालों के सांप्रदायिक एमवाई फॉर्मूला का अंत कर दिया. आज बिहार, देश के उन राज्यों में है, जहां सबसे ज्यादा युवाओं की संख्या है और इनमें हर धर्म और हर जाति के युवा शामिल हैं. मैं आज बिहार के युवाओं का विशेष रूप से अभिनंदन करता हूं.

'जंगलराज की कभी वापसी नहीं होगी' : पीएम मोदी ने कहा, बिहार की ये जीत बेटियों और माताओं की जीत है. बिहार अब कभी भी जंगलराज की वापसी नहीं होगी. बिहार में अब तुष्टिकरण की जगह संतुष्टीकरण है. भारत के विकास में बिहार के लोगों की बड़ी भूमिका है. बिहार की विकास अब रुकने वाली नहीं है. बीजेपी मुख्यालय पहुंचते ही पीएम मोदी ने बिहारी स्टाइल में गमछा घुमाकर लोगों का अभिवादन किया. इसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा ने उन्हें मखाने की माला पहनाकर उनका स्वागत किया.

रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने दी कार्यकर्ताओं को बधाई

डेहरी आन सोन । राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) प्रमुख तथा राज्य सभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा ने एनडीए की

प्रचंड बहुमत के लिए बिहार की जनता के लिए आभार जताया है. उन्होंने खासकर सासाराम विधानसभा क्षेत्र की जनता को बधाई दी की उन्होंने जाति धर्म से ऊपर उठकर उनकी पत्नी रालोमो प्रत्याशी स्नेहलता कुशवाहा को जीत दिलाई.

शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था बिहार चुनाव : राहुल गांधी

एनडीए ने बिहार विस चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए डबल सेंचुरी मारी है. महागठबंधन की बुरी तरह हार हुई है. इन नतीजों को कांग्रेस सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी ने चौंकाने वाला बताया है. साथ ही कहा है कि हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था.

बिहार में मिली प्रचंड जीत के बाद सीएम नीतीश कुमार बोले-

जनता ने सरकार पर भरोसा किया

शुभम संदेश । पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने पीएम मोदी समेत अपने गठबंधन के तमाम साथियों का धन्यवाद किया है. साथ ही उन्होंने कहा कि जनता ने हमारी सरकार पर भरोसा जताया है. सीएम नीतीश कुमार ने कहा, बिहार विधान सभा चुनाव-2025 में राज्यवासियों ने हमें भारी बहुमत देकर हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया है. इसके लिए राज्य के सभी सम्मानित मतदाताओं को मेरा नमन, हृदय से आभार एवं धन्यवाद. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनसे मिले सहयोग के लिए उनका नमन करते हुए हृदय से आभार एवं धन्यवाद.

एनडीए गठबंधन ने इस चुनाव में पूरी एकजुटता दिखाते हुए भारी बहुमत हासिल किया है. इस भारी जीत के लिए एनडीए गठबंधन के सभी साथियों- चिराग पासवान जी, जीतन राम मांझी जी एवं उपेन्द्र कुशवाहा जी को भी धन्यवाद एवं आभार. उन्होंने कहा कि आप सबके सहयोग से बिहार और आगे बढ़ेगा तथा बिहार देश के सबसे ज्यादा विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा.

बिहार में ओवैसी की 'पतंग' छाई, 5 सीटें जीत ली

पटना । बिहार विधानसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम ने पांच सीटें जीतकर अपना लोहा मनवा दिया है. इस बार के चुनाव में एआईएमआईएम ने आरजेडी, कांग्रेस और जेडीयू को मात दी है.

जोकीहाट सीट पर जेडीयू को हराया : जोकीहाट सीट पर मोहम्मद मुर्शिद आलम ने 28803 वोटों के अंतर से जेडीयू के मंजर आलम को हराया. बहादुरगंज सीट पर एआईएमआईएम के मो. तौसीफ आलम ने कांग्रेस के मोहम्मद मसवर आलम को हराया. कोचाधामन सीट पर एआईएमआईएम मो. सरवर आलम ने आरजेडी के मुजाहिद आलम को हराया. अमौर सीट से बिहार एआईएमआईएम के अध्यक्ष अखतरुल ईमान जीते हैं. अखतरुल ईमान को 100836 वोट मिले और वो 38928 मतों के अंतर से जीते हैं. बायसी सीट से एआईएमआईएम के गुलाम सरवर ने बीजेपी के विनोद कुमार को हराया.

ये उम्मीदवार जीते

तारापुर से सम्राट चौधरी जीते

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तारापुर से जीत हासिल कर ली है. उन्होंने आरजेडी के अरुण कुमार को 45820 वोटों से पराजित कर दिया है.

अलीनगर से जीतीं मैथिली ठाकुर

अलीनगर विस सीट से बीजेपी प्रत्याशी मैथिली ठाकुर चुनाव जीत गई हैं. उन्होंने राजद के बिनोद मिश्रा को 11730 वोटों से पराजित कर दिया है.

मांझी की बहू दीपा कुमारी जीतीं

जीतन राम मांझी की बहू दीपा कुमारी इमामगंज से चुनाव जीत गई हैं. उन्होंने राजद की ऋतु प्रिया को 25856 वोटों से हरा दिया है.

तेजस्वी 14,532 वोटों से विजयी

राघोपुर से तेजस्वी यादव ने 14532 वोट से जीत हासिल की. 32 राउंड की गणना में तेजस्वी को 118597 वोट मिले. दूसरे नंबर पर बीजेपी के सतीश कुमार रहे.

दानापुर से रामकृपाल यादव जीते

दानापुर में 30 राउंड की गिनती के बाद रीतलाल को 90744 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी रामकृपाल ने 119877 वोट हासिल कर जीत दर्ज की.

रघुनाथपुर से करीब दस हजार वोटों से जीते ओसामा साहेब

सिवान जिले की रघुनाथपुर विधानसभा सीट से ओसामा साहेब करीब दस हजार वोटों से जीते. उन्होंने जदयू के विकास कुमार सिंह को हराया. ओसामा को 87,867 और विकास को 78,710 वोट मिले. तीसरे नंबर पर जन सुराज के राहुल कीर्ति रहे, जिन्हें 3,066 वोट मिले.

लखीसराय सीट पर भाजपा के विजय कुमार सिन्हा की जीत

लखीसराय विस सीट से बीजेपी के उम्मीदवार विजय कुमार सिन्हा ने शानदार जीत दर्ज की है. सिन्हा ने कांग्रेस के अमरेश कुमार को 25,054 वोटों से पीछे छोड़ते हुए 1,20,977 वोट प्राप्त किए. अमरेश कुमार को कुल 95,923 वोट मिले.

ये उम्मीदवार हारे

महुआ से चुनाव हारे तेज प्रताप

महुआ विधानसभा सीट से लालू प्रसाद यादव के बेटे तेज प्रताप यादव चुनाव हार गए हैं. उन्हें लोजपा के उम्मीदवार संजय सिंह ने शिकस्त दी है.

खेसारी लाल यादव हार गए

छपरा सीट से भाजपा प्रत्याशी छोटी कुमारी ने खेसारी लाल यादव को लगभग सात से आठ हजार वोटों से हराकर विस में प्रवेश कर लिया.

प्रतिक्रिया

सोचा नहीं था चुनाव में ऐसा होगा : मुकेश सहनी

बिहार चुनाव के नतीजों पर मुकेश सहनी ने कहा है कि हमने सोचा नहीं था कि ऐसा होगा. हम जनादेश का सम्मान करते हैं. उन्होंने ये भी कहा कि पहले रात के समय लूट हुआ करती थी, अब खुलेआम हो रही है.

विस उपचुनाव के नतीजे घोषित : देश के सात राज्यों की 7 सीटों में से भाजपा 2, कांग्रेस 2, अन्य 3 पर विजयी

एजेंसी । नई दिल्ली

देश के सात राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे शुक्रवार को मतगणना के बाद घोषित किए गए. भाजपा और कांग्रेस को दो-दो, आम आदमी पार्टी (आआपा) को एक सीट पर जीत मिली है, जबकि जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (जेएंडके-पीजीपी) और मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) एक-एक सीट जीतने में कामयाब रहीं. चुनाव आयोग के अनुसार जम्मू-कश्मीर की बडगाम और नगरोटा, राजस्थान की अंता, तेलंगाना की जुबली हिल्स, पंजाब की तरनतारन, मिजोरम की डंपा और ओडिशा की नुआपाड़ा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे घोषित किए

गए. जम्मू-कश्मीर के नगरोटा से भाजपा उम्मीदवार देवयानी राणा और बडगाम से जेएंडके-पीडीपी के आगा सैयद मुंतजिर विजयी हुए. उपचुनाव में जम्मू-कश्मीर की बडगाम सीट सबसे अधिक चर्चा में रही. यहां उपचुनाव मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के इस्तीफे के बाद कराया गया. वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने दो सीटों गांदरबल और बडगाम से जीत हासिल की थी. बाद में उन्होंने गांदरबल सीट बरकरार रखते हुए बडगाम से इस्तीफा दे दिया था. बडगाम से 20 उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाई. राजस्थान की अंता (बारां) सीट पर कांग्रेस के प्रमोद जैन और तेलंगाना की जुबली हिल्स से कांग्रेस के नवीन यादव को जीत मिली है. पहले अंता की सीट भाजपा और जुबली हिल्स सीट पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की पार्टी बीआरएस के पास थी. आआपा पंजाब की तरनतारन सीट बचाने में कामयाब रही है. यहां से हरमीत सिंह संधू ने जीत हासिल की. मिजोरम के डम्पा से मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के आर. लालथंगलियाना ने जीत दर्ज की है. ओडिशा की नुआपाड़ा सीट पर भाजपा के जय ढोलकिया ने जीत दर्ज की है.

घाटशिला में झामुमो की जीत, सोमेश ने भाजपा को 38,524 वोटों से हराया

संवाददाता । रांची

झारखंड के चर्चित घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो के उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को लगभग 38,524 वोटों के अंतर से मात दी है. बड़े अंतर की इस जीत ने जहां झामुमो खेमे में नई ऊर्जा भर दी है, वहीं भाजपा के लिए यह परिणाम राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है. मतगणना के शुरुआती रुझानों से ही झामुमो प्रत्याशी बढ़त बनाए हुए थे, जो अंतिम चरण तक कायम रही. जीत की घोषणा के बाद घाटशिला में कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया. ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और

मिठाइयों के साथ झामुमो कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया. तेजी से बदलते राजनीतिक माहौल के बीच घाटशिला सीट को हमेशा से रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता रहा है. उपचुनाव में मतदान प्रतिशत भी संतोषजनक रहा और चुनाव के दौरान झामुमो और भाजपा के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली. हालांकि दूसरे चरण के बाद से ही झामुमो की पकड़ मजबूत होती दिखी, जिसने अंततः बड़ी जीत का रूप ले लिया. विश्लेषकों के अनुसार, यह नतीजा झामुमो के लिए आगामी विधानसभा चुनावों में मनोबल बढ़ाने वाला साबित हो सकता है. जीत के बाद सोमेश चंद्र सोरेन ने जनता का धन्यवाद किया और कहा कि यह विजय विकास, विश्वास और जनता की अपेक्षाओं की जीत है. उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों पर प्राथमिकता के साथ काम किया जाएगा. यह परिणाम घाटशिला की राजनीति में नया अध्याय जोड़ते हुए झामुमो की स्थिति को और मजबूत करता है. वहीं, झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि घाटशिला की जनता ने दिशोम गुरु को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है.

विभिन्न स्कूलों में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया

शुभम संदेश । बरकाकाना

डीएवी बरकाकाना में बाल दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास भरा बाल उत्सव आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य मुस्तफा मजीद का विद्यालय परिवार ने बुके देकर स्वागत किया. प्राचार्य ने पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें मेहनत, अनुशासन व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी. कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत ब्लेसिंग सॉन्ग से हुई. इसके बाद लेजी डांस, शिक्षक स्किट, मोटिवेशनल और क्रेजी डांस जैसे मनोरंजक कार्यक्रम हुए. बच्चों ने स्टॉल्स, खेल-कूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया. अंत में शो स्टॉपर्स—अनबीटेबल्स के प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया. कार्यक्रम ने बच्चों में उत्साह, प्रेरणा और खुशी से भरा दिन उपस्थित कराया.

बाल दिवस पर उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण : कोडरमा : बाल दिवस के अवसर पर उपायुक्त श्री ऋतुराज ने कोडरमा प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने बच्चों के बीच स्वेटर, मिठाई, फल और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की. उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के प्रति सभी को संवेदनशील रहना चाहिए और उन्हें सुरक्षित व स्नेहपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है. इस अवसर पर बच्चों में उत्साह बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया.

श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया : रामगढ़ : श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 14 नवंबर को बाल दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया. नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रार्थना सभा, प्लेज, सुविचार, गीत, कविता और नृत्य प्रस्तुत किए. इस अवसर पर एक नाटक भी मंचित किया गया, जिसमें शिक्षक और छात्र के संबंध को दर्शाया गया. बच्चों के लिए मैजिक शो का आयोजन किया गया, जिससे वे काफी आनंदित हुए. विद्यालय की ओर से बच्चों के लिए जलपान और उपहार की व्यवस्था की गई. बाल दिवस, पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर मनाया जाता है, जिन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहा जाता था. उन्होंने बच्चों को राष्ट्र का भविष्य बताया.

अग्रसेन डीएवी में बाल सृजन मेला एवं चाचा नेहरू जयंती का आयोजन : रामगढ़ : अग्रसेन डीएवी भरेचनगर सांडी में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस, जिसे बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है, के अवसर पर बाल सृजन मेला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी, भुनेश्वर महतो और सी. पी. संतन ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया. मेले में छात्रों ने विज्ञान, चित्रकला और अन्य कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई, जिसे मुख्य अतिथि ममता देवी ने देखा और बच्चों को उनके सपनों को पूरा करने एवं लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा दी. कार्यक्रम में डीएवी विभिन्न शाखाओं के प्राचार्य, समाजसेवी और अभिभावक उपस्थित थे.

नेहरू जी करोड़ों भारतीयों के हृदय सम्राट : निसार खान : हजारीबाग : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 136वीं जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने कहा कि नेहरू जी करोड़ों भारतीयों के हृदय सम्राट थे. उन्होंने ऐशोआराम का जीवन त्यागकर गांधी जी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में खुद को समर्पित किया. कठोर कारावास हो या पत्नी का निधन, नेहरू जी राष्ट्रहित से कभी नहीं डगमगाए.

ऑक्सफ़ोर्ड अकेडमी में बाल दिवस उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया : रामगढ़ : मारंग मरचा स्थित ऑक्सफ़ोर्ड अकेडमी में बाल दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया. कार्यक्रम में बच्चों के लिए कविता, स्केच, पेंटिंग, फैंसी ड्रेस और जी.के. क्विज जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया. फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चे विभिन्न राज्यों के परिधान में नजर आए और अनेकता में एकता का संदेश दिया. विद्यालय सचिव मुकेश कश्यप, प्रधानाचार्या उमा कश्यप और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों की सराहना की और उन्हें अनुशासन और खेल के माध्यम से देशभक्ति की सीख दी.

डीएवी पब्लिक स्कूल पगार में बाल दिवस उत्सव मनाया गया : केरेडारी : डीएवी पब्लिक स्कूल पगार में पंडित जवाहरलाल नेहरू जयंती के अवसर पर बाल दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य अनुज कुमार दुबे एवं सभी शिक्षकों ने नेहरू जी के चित्र पर माला अर्पित और दीप प्रज्वलित कर की. इस अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न खेलों और गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे उनका उत्साह और खुशियाँ दोगुनी हो गईं. प्रधानाचार्य ने कहा कि बाल दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हर बच्चे के भीतर छिपे सपनों को संवारना और उन्हें प्रेरित करना आवश्यक है.

हंटरगंज में बाल दिवस पर बच्चों की हर्षदोगुनी, विजेताओं को किया पुरस्कृत : हंटरगंज (चतरा) : झारखंड स्थापना दिवस, रजत जयंती और बाल दिवस के अवसर पर हंटरगंज थाना पुलिस के तत्वाधान में रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. सैकड़ों छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया.

बाल दिवस पर बच्चों की प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन, विद्यालयों में उत्साह का माहौल : विष्णुगढ़ : प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई. रंगोली प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया. प्रिंसिपल विकास पांडेय ने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए सुरक्षित व संस्कारित वातावरण देने पर जोर दिया. पिनेकल इनसाइटेड माइंड्स स्कूल, चानो में भी खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए. प्राचार्य संजय कुमार और डायरेक्टर कौलेश्वर महतो ने बच्चों को प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित किया.

अंकुर प्ले स्कूल में बाल दिवस और वार्षिक खेल दिवस का भव्य समारोह : हजारीबाग : सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षण संस्थान सीओसुबल एवं अंकुर प्ले स्कूल में बाल दिवस और वार्षिक खेल दिवस का संयुक्त समारोह बच्चों के उत्साह और उल्लास के बीच मनाया गया. मुख्य अतिथि वरिष्ठ बाबा सदस्या मौसमी प्रमाणिक और अन्य सदस्याओं ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई. बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास हेतु कैटल एंड रैबिट्स रेस, बैग अरेंजमेंट गेम, रैबिट जम्प जैसी खेल गतिविधियाँ आयोजित की गईं. "हेल्थ इज वेल्थ" योग प्रस्तुति और समूह नृत्य ने आकर्षण बढ़ाया.

एच.जेड.बी. आरोग्यम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में चिल्ड्रन डे का उत्सव : हजारीबाग : एच.जेड.बी. आरोग्यम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में बाल दिवस पर बच्चों की मुस्कान, उमंग और मासूमियत से परिसर गूंज उठा. पजल्स, चेयर गेम, ड्राइंग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने सभी का दिल जीत लिया. समारोह में निदेशक हर्ष अजमेरा ने बच्चों के उत्साह की सराहना की और कहा कि उनकी मुस्कान हमारी असली सफलता है. प्रशासक जया सिंह ने केक काटकर उत्सव की शुरुआत की और बच्चों के महत्व पर जोर दिया. प्रिंसिपल शवनम तिर्की ने कहा कि चिल्ड्रन डे बच्चों की प्रतिभा को पहचानने और संवारने का अवसर है. शिक्षक ज्योति तिर्की, भारती, प्रीति अग्रवाल और शुभम जैन सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे.

प्रखंड मुख्यालय सभागार में "आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार" योजना को लेकर बैठक

मरकच्चो (कोडरमा) । प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में प्रखंड मुख्यालय सभागार में "आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार" योजना के सफल संचालन हेतु बैठक आयोजित की गई. बैठक में योजना के संचालन की रूपरेखा, संभावित तिथि (18 नवम्बर से 15 दिसम्बर) और लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई. बीडीओ ने सभी विभागीय पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि शिविर में अधिक से अधिक लाभुकों को लाभ प्रदान किया जाए. बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र कर्मियों से अपने क्षेत्रों में योजना के प्रचार-प्रसार की अपील की गई. साथ ही झारखंड स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर 15 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम और परिसंपत्तियों के वितरण का कार्यक्रम तय किया गया.

जयनगर (कोडरमा) । प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में आगामी "आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार" अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को दिशा-निर्देश दिए गए. 18 नवंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने पर जोर दिया गया.

केरेडारी । झारखंड राज्य के रजत जयंती समारोह के अवसर पर राज्य सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार 18 नवंबर से शुरू होगा. अभियान को सफल बनाने के लिए केरेडारी सभागार में अधिकारियों की बैठक हुई. प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि 18 नवंबर से 15 दिसंबर तक प्रखंड के 16 पंचायतों में क्रमवार एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे. शिविरों में प्रशासनिक अधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका समाधान मौके पर ही करेंगे.

संत थॉमस स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

चतरा । टंडवा के संत थॉमस स्कूल परिसर में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह मिनी मेला का आयोजन किया गया. स्कूल डायरेक्टर सुजाता कच्छप, प्रिंसिपल अनीता कच्छप और मुखिया प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया. प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने वाई-फाई संचालित रोबोट, पानी साफ करने वाली रोबोट नाव, जल चक्र, स्वचालित अग्नि डिटेक्टर, सड़क सुरक्षा, आपदा चेतावनी मॉडल, मानव अनुसरण रोबोट, हरित ऊर्जा और कार्बन शुद्धि मॉडल सहित कई नवाचारी प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए. विजेता प्रतिभागियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा.

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का मजबूत प्रदर्शन दर्ज

हजारीबाग । एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही (क्यू2) के नतीजे जारी किए. ठंडे मौसम, भू-राजनैतिक परिस्थितियों और विदेशी मुद्रा की चुनौतियों के बावजूद कंपनी ने साल-दर-साल राजस्व और बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि दर्ज की.

आईसेक्ट इंटर कॉलेज में झारखंड स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम

शुभम संदेश । हजारीबाग

झारखंड के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर आईसेक्ट इंटर कॉलेज में शुक्रवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक और जनजातीय प्रस्तुतियों के माध्यम से झारखंड की समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली विरासत को प्रदर्शित किया. कॉलेज की प्राचार्या ममता शर्मा ने कहा कि यह दिवस हमारी पहचान, संघर्ष और उपलब्धियों का प्रतीक है. स्थापना दिवस पर छात्रों ने शपथ, निबंध और क्विज़ प्रतियोगिताओं में भाग लिया. कार्यक्रम के सफल आयोजन में अभिमन्यु पांडेय, बिरेंद्र कुमार, आशा गुप्ता, डॉ. बचनदेव राय, लक्ष्मी कुमारी, पूजा भारती और अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा. समारोह ने विद्यार्थियों में संस्कृति और राज्य के प्रति गर्व की भावना को जागृत किया.

सरस्वती विद्या मंदिर में भगवान बिरसा मुंडा जयंती का आयोजन : रामगढ़ : सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना और आचार्य अमरदीप ने संयुक्त रूप से भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर किया. कार्यक्रम में बच्चों ने बिरसा मुंडा का रूप धारण कर नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं. भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई. प्रभारी मिथिलेश खन्ना ने कहा कि बिरसा मुंडा केवल जनजातीय समाज के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव थे. उन्होंने अपने धर्म, संस्कृति, जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत से लड़ते हुए महज 25 वर्ष की आयु में अपने प्राण न्योछावर किए. आचार्य अमरदीप और बच्चूलाल तिवारी ने उनके जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में कई शिक्षकों और छात्रों ने सक्रिय भूमिका निभाई.

झारखंड स्थापना दिवस रजत जयंती पर हज़ारीबाग में भव्य जतरा मेला : हज़ारीबाग : झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन हज़ारीबाग द्वारा कर्जन ग्राउंड में भव्य जतरा मेला का आयोजन किया गया. उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने गुब्बारा उड़ाकर मेला का उद्घाटन किया. स्वागत कार्यक्रम में पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा, तिलक-अभिनंदन और लोकनृत्यों की मनोहारी प्रस्तुतियाँ हुईं, जिससे झारखंडी संस्कृति की चमक और बढ़ी. मेला झारखंड की समृद्ध कला, लोकपरंपरा और सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था. मंच पर सोहराय, कोहबर, पहाड़िया एवं नागपुरी नृत्यों की प्रस्तुतियाँ और लोकगीतों की मधुर लहरियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति और शहरवासी उत्साहपूर्वक सहभागी बने. उपायुक्त ने कहा कि जतरा मेला राज्य की सांस्कृतिक धरोहर, जनजातीय गौरव और सामुदायिक सौहार्द का प्रतीक है. इस आयोजन ने झारखंड की जीवंत परंपराओं और लोकजीवन का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया.

झारखंड स्थापना दिवस रजत जयंती पर रामगढ़ में नुक्कड़ नाटक का आयोजन : रामगढ़ : झारखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर जिला जनसंपर्क कार्यालय रामगढ़ द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के माध्यम से कलाकारों ने झारखंड के इतिहास, गौरव गाथा और आंदोलनकारियों के योगदान को प्रस्तुत किया. नाटक में राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया और जनता को इसकी जानकारी दी गई. साथ ही कलाकारों ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया और लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया. आयोजन ने नागरिकों को झारखंड की उपलब्धियों और योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास सफलतापूर्वक किया गया.

जयनगर (कोडरमा) : झारखंड स्थापना दिवस के 25वें वर्ष रजत जयंती पर जेएसएलपीएस के तहत प्रखंड के सभी 110 ग्राम संगठनों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए. समारोह में लैंगिक समानता, बाल विवाह निषेध, महिलाओं पर हिंसा रोकथाम, डायन–बिसाही उन्मूलन, स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता पर व्यापक जागरूकता फैलाई गई. कार्यक्रम की शुरुआत दस सूत्रों की सामूहिक शपथ के साथ हुई.

हजारीबाग : झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के नेतृत्व में बरही अनुमंडल में डायन बिसाही कुप्रथा के खिलाफ जागरूकता अभियान आयोजित किया गया. इस अभियान में करीब दो हजार स्कूली बच्चों ने भाग लिया और 05 कि0मी0 लंबी मानव श्रृंखला बनाई. प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियाँ, बैनर और पोस्टर लेकर लोगों को इस कुप्रथा से बचने के प्रति जागरूक किया.

रामगढ़ | उत्पाद विभाग के कार्यों की समीक्षा, उपायुक्त ने दिए कड़े निर्देश

अवैध शराब के खिलाफ नियमित जांच अभियान जारी रखें

शुभम संदेश । रामगढ़

उत्पाद विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने अपने कार्यालय कक्ष में विस्तार से समीक्षा की. बैठक में सहायक आयुक्त उत्पाद विमला लकड़ा ने उपायुक्त सहित उपस्थित अधिकारियों को उत्पाद कार्यालय रामगढ़ में कार्यरत कर्मचारियों, दुकानें और विभागीय कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की. इस दौरान उपायुक्त ने विशेष रूप से शराब की बिक्री पर नियंत्रण को लेकर निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले में किसी भी शराब दुकान पर एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए. इसके पालन के लिए नियमित जांच अभियान चलाने और उल्लंघन होने पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश भी दिया गया. बैठक में अवैध शराब के खिलाफ चलाए गए जांच अभियानों की जानकारी भी उपायुक्त ने ली. उन्होंने सहायक आयुक्त उत्पाद को निर्देश दिया कि अवैध शराब के खिलाफ नियमित और प्रभावी जांच अभियान जारी रखें ताकि शराब की अवैध बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाया जा सके. इसके अलावा, बैठक में नई उत्पाद नीति के तहत संचालित हो रही दुकानों की स्थिति की जानकारी ली गई. उपायुक्त ने कहा कि नई दुकानों की संचालन प्रक्रिया, लाइसेंस की शर्तें और बिक्री नियंत्रण के उपायों को सख्ती से लागू किया जाए. उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी दुकानों पर नियमित निरीक्षण होना चाहिए और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए.

बैठक के दौरान अन्य अधिकारियों में अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी, अवर निरीक्षक उत्पाद अमित मड़की, कांग्रेस कुमार और अमित प्रसाद सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित थे. बैठक का उद्देश्य विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, अनुशासन और नियमों के पालन को सुनिश्चित करना था. उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने कहा कि उत्पाद विभाग का मुख्य कर्तव्य कानून का पालन और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दुकानों और उत्पाद कार्यालयों की नियमित समीक्षा की जाए ताकि नियमों का सख्ती से पालन हो और अवैध गतिविधियों को पूरी तरह से रोका जा सके. बैठक का समापन उपायुक्त द्वारा दिए गए कड़े दिशा-निर्देशों और विभागीय कार्यों में सुधार हेतु उठाए गए कदमों के साथ हुआ.

कटिया में कुष्ठ रोग खोज अभियान, 3 नए मरीज पाए गए

जयनगर (कोडरमा) । प्रखंड के कटिया परसाबाद में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोग खोज अभियान का जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने घर–घर जाकर ग्रामीणों से सहिया टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली. सहिया टीम ने 11 संदेहास्पद लोगों की जांच की, जिनमें 3 नए कुष्ठ मरीज पाए गए. स्वास्थ्य विभाग ने सभी मरीजों का एमडीटी द्वारा तुरंत उपचार शुरू कर दिया. डॉ. रमण कुमार ने सुपरवाइजर सीएचओ स्वेता शर्मा को निर्देश दिया कि संदेहास्पद व्यक्तियों की संख्या बढ़ाकर व्यापक जांच सुनिश्चित की जाए. कटिया में 4 सहिया टीमें लगातार घर–घर जाकर गहन रूप से कुष्ठ जांच अभियान चला रही हैं. अभियान में फिजियोथैरेपिस्ट राजीव रंजन, एएनएम शबनम आरा, सहिया निरमा देवी, चांदनी देवी और रेखा देवी सहित ग्रामीण भी मौजूद रहे.

एक नजर

बिहार में एनडीए की जीत जनता के विश्वास विकास और सुशासन की जीत : धनंजय कुमार

रामगढ़ । हार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा नेता और सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने हृदयपूर्वक बधाई दी. उन्होंने कहा कि यह परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व, केंद्र व राज्य सरकार की विकासपरक नीतियों और जनता के अटूट विश्वास की जीत है. धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि बिहार की जनता ने जातिवाद, वंशवाद और भ्रम की राजनीति को नकार कर विकास, स्थिरता और सुशासन को चुना है. यह जीत हर गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग की उम्मीदों की जीत है.

बिहार की जीत पर चंद्रप्रकाश ने जताया हर्ष

रामगढ़ । बिहार में एनडीए की जीत के बाद गिरिडीह से आजसू (एनडीए) सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया. सरस्वती बगीचा में लड्डू बांटकर उन्होंने एक-दूसरे को खिलाकर खुशी जाहिर की. सांसद चौधरी ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रवादी विचारधारा में भरोसा जताया है. यह जीत विपक्ष की नकारात्मक राजनीति का करारा जवाब है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और बिहार का यह जनादेश उसी विश्वास को दोबारा पुष्टि करता है.

बिहार : नीतीश–मोदी पर जनता का अटूट विश्वास

हजारीबाग । बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम ने सभी को चौंकाते हुए एनडीए को प्रचंड बहुमत दिलाया. नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जोड़ी पर जनता का भरोसा एक बार फिर मजबूती से कायम हुआ है. हजारीबाग में जदयू पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई. प्रदेश महासचिव संतोष कुमार सोनी ने कहा कि बिहार की जागरूक जनता ने लोकलुभावन वादों को नकारते हुए विकास और सुशासन को चुना है. उन्होंने बताया कि नीतीश कुमार का कार्यकाल भ्रष्टाचार और जंगलराज से मुक्ति का प्रतीक रहा है. जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा व अन्य नेताओं ने मिठाई बाँटकर और पटाखे फोड़कर जीत का जश्न मनाया.

प्रचंड जीत पर विधायक कार्यालय में उमंग का माहौल

हजारीबाग । बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की भारी विजय के बाद विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में उत्साह का माहौल देखने को मिला. सुबह से कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आगमन जारी रहा. सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया. विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास, सुशासन और स्थिरता को चुना है. यह जनादेश लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक है. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, महिलाओं, युवाओं और किसानों का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनता का आशीर्वाद हमारी जिम्मेदारी और बढ़ाता है.

एनडीए की जीत पर सांसद जायसवाल ने मनाया जश्न

हजारीबाग । बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कार्यकर्ताओं संग जोरदार उत्सव मनाया. उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने जाति–धर्म से ऊपर उठकर विकास और सुशासन को चुना है तथा जंगलराज को सख्ती से नकारा है. सांसद जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जनता के अटूट विश्वास को इस जनादेश का आधार बताया. चुनाव प्रचार के दौरान वे मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के छह विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय रहे, जिनमें पाँच सीटों पर बढ़त दर्ज की गई.

एनडीए की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव

चंदवारा (कोडरमा) । बिहार चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा चंदवारा मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई. पार्टी कार्यालय के समीप मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी गई. उन्होंने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं के प्रयासों और केंद्रीय नेतृत्व, विशेषकर योगी मोदी, अमित शाह, नीतीश कुमार और चिराग पासवान की मेहनत का परिणाम है. इस अवसर पर भाजपा चंदवारा सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, मंत्री मुन्ना कुमार बर्नवाल, कुलदीप सोनी, संतोष सोनी, उमेश सोनी, मुरली मोदी, नवीन पांडे और राजू यादव समेत अन्य पदाधिकारी और समर्थक मौजूद थे और उन्होंने पार्टी की जीत का जश्न धूमधाम से मनाया.

एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर रामगढ़ में जश्न

रामगढ़ । बिहार प्रदेश में भाजपा और एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर शुक्रवार को रामगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया. कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी और आतिशबाजी भी की. चितरपुर बाजार टांड़ से लेकर रजरप्पा मोड़ तक जुलूस निकाला गया. प्रखंड अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार ने इसे विकास की जीत बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सभी भाजपा व एनडीए कार्यकर्ताओं की मेहनत को श्रेय दिया. मौके पर चन्द्रशेखर चौधरी, युगेश महतो, निरंजन कुमार, मिथलेश तिवारी, रमेश वर्मा, पीएन सिंह, दिलीप प्रसाद, महेंद्र राम, खेदन प्रसाद, अजय जायसवाल, जयंत पोद्दार, बिक्रम चौधरी और पंचम सोनी सहित कई लोग मौजूद थे और उन्होंने पार्टी की जीत का जश्न धूमधाम से मनाया.

टाटा स्टील फाउंडेशन का जागरूकता कार्यक्रम

विश्व मधुमेह दिवस

रामगढ़ । टाटा स्टील फाउंडेशन, वेस्ट बोकारो यूनिट ने विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर समुदाय के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किया. टाटा स्टील फाउंडेशन ऑडिटोरियम में, टाटा मेन हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉ. ए. निलेक्या नायडू ने मधुमेह और स्वस्थ जीवनशैली पर सत्र संभाला. वहीं, केदला सामुदायिक भवन में डॉ. संतोष कुमार सिंह ने "डायबेटिक रेटिनोपैथी – कारण, रोकथाम और प्रारंभिक पहचान" पर विशेष व्याख्यान दिया. कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मधुमेह जागरूकता को सरल और रोचक ढंग से साझा किया गया. बरूघुटू नॉर्थ, बसंतपुर, केदला नॉर्थ, मिडिल और साउथ के लगभग 100 लोगों के लिए निःशुल्क ब्लड ग्लूकोज और ब्लड प्रेशर जांच भी आयोजित की गई. इस वर्ष की थीम "जीवन के विभिन्न चरणों में मधुमेह" ने यह संदेश दिया कि मधुमेह किसी भी उम्र में हो सकता है और इसके लिए समय पर पहचान, नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली बेहद आवश्यक है. कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में मधुमेह और उसकी जटिलताओं से बचाव की जागरूकता बढ़ाना था.

हादसे में एक की मौत,गिरफ्तारी की मांग की

चौपारण (हजारीबाग) । प्रखंड मुख्यालय के चतरा मोड़ के पास बुधवार रात तेज रफ्तार ओम्नी ने बारातियों को रौंद दिया, जिसमें दबगर टोला निवासी सिंटू दास (24) गंभीर रूप से घायल हुए और रिम्स रांची में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. अन्य चार घायलों का इलाज जारी है. चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया. परिजनों ने चौपारण थाना में गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया. पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने परिजनों को ढांढस बंधाया और पुलिस से 24 घंटे में कार्रवाई का आश्वासन दिलाया. थाना प्रभारी ने वाहन जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है.

बालू तस्करी पर सीओ की बड़ी कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्त

चौपारण । प्रखंड में बालू की अवैध तस्करी रोकने के लिए अंचलाधिकारी संजय यादव लगातार अभियान चला रहे हैं. इसी क्रम में शुक्रवार को चतरा मोड़ के पास से अवैध रूप से बालू ढो रहे एक ट्रैक्टर को जप्त कर चौपारण थाना को सौंपा गया. अग्रेतर कार्रवाई के लिए मामला जिला खनन पदाधिकारी को भेजा गया. सीओ संजय यादव ने कहा कि प्रखंड में अवैध खनन और बालू तस्करी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और बिना लाइसेंस बालू ढोने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी. अंचल प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे अवैध खनन की जानकारी तुरंत दें ताकि तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके.

प्रतिबंधित मांस के साथ युवक गिरफ्तार

चतरा । चतरा सदर थाना पुलिस ने गिद्धौर थाना क्षेत्र के सलगा गांव निवासी उदय भुईंया के पुत्र राजेंद्र भुईंया को प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा.

रांची, शनिवार 15 नवंबर 2025 I मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 215 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

मोरहाबादी में दो दिवसीय भव्य समारोह आज से

शहर की दीवारों पर झारखंड की परंपरा, लोककला और जनजातीय विरासत की अनोखी छटा निखरी

झारखंड स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक रंगों से सजी राजधानी रांची, शहर की दीवारों पर उकेरी गई राज्य की पारंपरिक पहचान

शुभम संदेश। रांची

झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी रांची इस बार एक अनोखे सांस्कृतिक उत्सव में बदल चुकी है. पूरा शहर रंग-बिरंगी रोशनी, वॉल पेंटिंग्स और पारंपरिक कलाओं की खूबसूरत सजावट के बीच झारखंड की समृद्ध विरासत का जश्न मना रहा है. राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष स्थापना दिवस को विशेष और जनभागीदारी से जोड़कर मनाने की व्यापक तैयारी की गई है. 11 नवंबर को 'रन फॉर झारखंड' के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है और सभी जिलों में अलग-अलग आयोजन हो रहे हैं. मुख्य राज्यस्तरीय समारोह 15 - 16 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा, जहां भव्य प्रदर्शनी से लेकर सांस्कृतिक महोत्सव तक कई आकर्षक कार्यक्रमों की श्रृंखला सजाई गई है.

राजधानी के मोरहाबादी मैदान में दो दिवसीय मुख्य आयोजन संपन्न होगा. पूरे मैदान को झारखंड की थीम पर सजाया गया है, जहां राज्य की उपलब्धियां, विकास योजनाएं और सांस्कृतिक पहचान को मंच के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा. सरकार की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और दर्शकों के बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है. 15 नवंबर को होने वाले मुख्य कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. दोपहर 1 बजे तक दर्शकों के बैठने के बाद औपचारिक कार्यक्रमों की शुरुआत होगी.

झारखंड स्थापना दिवस पर राजधानी बनी जीवंत कैनवास

भगवान बिरसा मुंडा जयंती के साथ विशेष आयोजन : 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भी है, इसलिए राजधानी में उनके सम्मान में भी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है. लालपुर स्थित बिरसा समाधि स्थल को आकर्षक रोशनी और सजावट से सुसज्जित किया गया है. यहां पर आदिवासी संस्कृति, इतिहास और झारखंड आंदोलन की झलक भी प्रदर्शित की जाएगी.

शहर में वॉल पेंटिंग्स ने रची नई सांस्कृतिक पहचान: स्थापना दिवस से पहले रांची शहर वॉल पेंटिंग अभियान से जीवंत हो उठा है. कलाकारों ने शहर की दीवारों पर सोहराय, खोवड़ाई, जापानीज स्वराज पेंटिंग शैली, आदिवासी जीवनशैली, लोकनृत्य, जनजातीय प्रतीक और वन्य जीवन जैसे विषयों पर करीब से काम किया है. विभिन्न रंगों और कलात्मक शैलियों से सजी ये दीवारें अब केवल पेंटिंग नहीं बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक आत्मा का दर्पण बन गई हैं. लोग इनमें झारखंड की प्रकृति, परंपरा और लोककला के जीवंत चित्र देखकर आकर्षित हो रहे हैं.

वॉल पेंटिंग के लिए तीन प्रमुख स्थलों का चयन : अभियान के लिए जिन स्थानों का चयन किया गया है, उनमें आयुक्त कार्यालय (कचहरी) परिसर, मोरहाबादी चिल्ड्रेन पार्क की चहारदीवारी और जाकिर हुसैन पार्क की दीवारें शामिल हैं. प्रोफेशनल कलाकारों का कहना है कि उनका उद्देश्य दीवारों पर सिर्फ चित्र बनाना नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा को रंगों के माध्यम से उकेरना है. यह प्रयास आम नागरिकों को सीधे संस्कृति के साथ जोड़ने का माध्यम बन रहा है.

स्थापना दिवस को लेकर उत्सव का माहौल : पूरे शहर में इस समय उत्सव जैसा माहौल है. मोरहाबादी में लगने वाली प्रदर्शनी इस बार काफी विशेष होगी. यहां हस्तशिल्प, आदिवासी कलाकृतियां, स्थानीय उत्पाद, सरकारी विभागों की उपलब्धियां और विकास यात्रा के मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे. इसके अलावा लोकनृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और आदिवासी जीवन से जुड़े कार्यक्रम भी लोगों को झारखंड की अनूठी पहचान से जोड़ेंगे.

झारखंड आंदोलन और इतिहास पर विशेष प्रदर्शनी

15 और 16 नवंबर को लगने वाली एक विशेष प्रदर्शनी में भगवान बिरसा मुंडा, झारखंड आंदोलन और दिशोम गुरु शिबू सोरेन से जुड़े दस्तावेज, तस्वीरें और ऐतिहासिक झलकियां प्रदर्शित की जाएंगी. यह प्रदर्शनी राज्य निर्माण के संघर्ष और ऐतिहासिक यात्रा को रेखांकित करेगी, जिससे नई पीढ़ी राज्य के इतिहास से रूबरू होगी.

16 नवंबर को पहली बार होगा भव्य 'जतरा' कार्यक्रम : डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने जानकारी दी कि इस वर्ष 16 नवंबर को एक भव्य जतरा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें करीब चार हजार लोग शामिल होंगे. यह जतरा जैप-1 परिसर से शुरू होगी और इसमें झांकियां, पारंपरिक नृत्य, जनजातीय वाद्ययंत्र, झारखंड की लोक परंपराएं और सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी. प्रशासन का दावा है कि इस तरह का आयोजन पहली बार देखने को मिलेगा.

सुरक्षा और ट्रैफिक की विशेष व्यवस्था: स्थापना दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया गया है. एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि करीब 10 हजार पुलिस बल तैनात किए जाएंगे, जिनमें 2 हजार अधिकारी और 8 हजार जवान शामिल होंगे. ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो. भीड़ प्रबंधन और कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक और निगरानी की व्यवस्था भी की गई है.

रंग-रूप से सजा रांची, मन में उमंग: रांची के सरकारी कार्यालयों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है. हर ओर उत्साह, उमंग और गर्व का वातावरण है. वॉल पेंटिंग, प्रदर्शनी, ड्रोन शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक झांकियों ने रांची को एक बड़े सांस्कृतिक कैनवास में बदल दिया है.

झारखंड सरकार ने आज छुट्टी घोषित की, आदेश जारी

रांची। झारखंड सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा जयंती / राज्य स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को अवकाश की घोषणा की है. इसका आदेश कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव आसिफ हसन ने शुक्रवार को जारी कर दिया. जारी आदेश में कहा गया है कि कार्मिक विभाग की अधिसूचना (संख्या-6776, दिनांक-14.10.2024) द्वारा वर्ष 2025 में भगवान बिरसा मुंडा जयंती / राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 15.11.2025 (शनिवार) को कार्यपालक आदेश के तहत घोषित अवकाश को एनआईएक्ट के तहत भी अवकाश घोषित किया जाता है. आदेश में कहा गया है कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की अधिसूचना (संख्या-6778 दिनांक-14.10.2024) इस हद तक संशोधित समझा जाए.

मोकामा विधानसभा सीट से अनंत सिंह विजयी घोषित

राजद की वीणा देवी को 28,206 मतों के अंतर से हराया

पटना। बिहार की सबसे हॉट सीटों में से एक पटना जिले की मोकामा विधानसभा सीट से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के बाहुबली उम्मीदवार अनंत सिंह ने एक बार फिर जीत का परचम लहरा दिया है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी और बाहुबली सूरजभान सिंह की पत्नी वीना देवी को 28,206 मतों के अंतर से हराया। अनंत सिंह ने मोकामा में एक बार फिर जीत हासिल की है। मोकामा से वर्ष 2005 के बाद से यह लगातार उनकी छठी जीत है , जबकि वर्ष 2022 के उपचुनाव में अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी विजेता रही थीं। अनंत सिंह मतगणना में 26वें राउंड की गिनती के बाद 91,416 वोट और वीणा देवी को 63,210 वोट प्राप्त हुए। तीसरे नम्बर पर जनसुराज के प्रियदर्शी पीयूष रहे, जिन्होंने 19 हजार 365 वोट लाने में सफलता पाई। इस तरह अनंत सिंह ने बड़ी जीत हासिल की। मोकामा में 4609 वोट नोटा को पड़े।

मुख्यमंत्री नीतीश आवास के बाहर लगा 'बिहार मतलब नीतीश कुमार' लिखा पोस्टर

संवाददाता। पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए डाले गए मतों की गणना शुक्रवार से जारी है. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) रुझानों में स्पष्ट बढ़त बनाता दिख रहा है. इसी दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास के बाहर लगे एक पोस्टर ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया है. मुख्यमंत्री के आवास के बाहर लगे पोस्टर में साफ लिखा नजर आ रहा है "बिहार का मतलब नीतीश कुमार". शुकवार सुबह लगा यह पोस्टर ऐसा माहौल बनाता दिखा कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) समर्थकों के लिए "टाइगर" यानी नीतीश कुमार अब भी केंद्र में हैं, न कि हाशिये पर। इससे पहले जो पोस्टर लगाया गया था, उसकी चर्चा भी तेज थी, उस पोस्टर में नीतीश कुमार एक बाघ के साथ खड़े दिख रहे हैं और बड़े अक्षरों में लिखा है "टाइगर अभी जिंदा है". फिल्मी अंदाज में तैयार किया गया आज का यह पोस्टर साफ तौर पर शक्ति और प्रभाव का संदेश देता है.

6 साल में 6 सीएम बनाने वाले पीके के हाथ लगा 'जीरो बटा सन्नाटा'

शुभम संदेश डेस्क

एक समय देश के सबसे प्रभावशाली चुनावी रणनीतिकार माने जानेवाले प्रशांत किशोर (पीके) को बिहार विधानसभा चुनाव में बड़ा झटका लगा है. छह साल में छह मुख्यमंत्री बनाने का श्रेय पाने वाले पीके अपनी ही पार्टी जनसुराज के लिए एक भी सीट नहीं निकाल सके. जिस आत्मविश्वास, आक्रामक प्रचार और सोशल मीडिया की चमक के साथ वे मैदान में उतरे थे, नतीजों ने उसकी पूरी हवा निकाल दी. राष्ट्रीय मीडिया के हाइप और डिज़िटल कैंपेन के बावजूद बिहार की जनता ने जनादेश साफ-साफ एनडीए को सौंप दिया और पीके की झोली पूरी तरह खाली रह गयी.

6,000 किमी की पदयात्रा और 1 करोड़ सदस्य का दावा, नतीजा 'शून्य': पीके ने पार्टी गठन से पहले 5 मई 2022 से 2 अक्टूबर 2024 तक 6,000 किलोमीटर की पदयात्रा, 5,000 गांवों का दौरा और हजारों सभाएं कीं. दावा किया गया कि पार्टी के 1 करोड़ से अधिक सदस्य हैं, लेकिन चुनाव में 10 लाख वोट भी नहीं मिले. चुनाव प्रचार के दौरान पीके ने कई बड़े दावे किए:

"जदयू 25 सीट पार नहीं करेगी"

"नीतीश कुमार अब सीएम नहीं बनेंगे"

"अगर नीतीश बने तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा"

नतीजों में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला और पीके के सभी दावे खोखले साबित हुए. अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या पीके अपना किया वादा निभाएंगे?

238 में से 233 पर जमानत जब्त, 98% उम्मीदवारों की हार

जनसुराज ने 238 सीटों पर दावेदारी की थी, लेकिन इनमें से 233 यानी करीब 98% उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई. पीके अपने गृह क्षेत्र रोहतास में भी खुद को बचा नहीं पाए. जिले की सभी सात सीटों पर जनसुराज उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई. प्रदर्शन इतना कमजोर रहा कि ओवैसी की एआइएमआइएम और मायावती की बीएसपी भी जनसुराज से कहीं बेहतर साबित हुईं.

उम्मीदवार चयन ने किया सबसे बड़ा नुकसान: राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक पीके की हार का एक बड़ा कारण उम्मीदवार चयन में भारी चूक भी रही. वे साफ-सुथरी राजनीति की बात करते रहे, लेकिन टिकट ऐसे चेहरों को दिए, जिन पर कई आपराधिक मामले दर्ज थे. एडीआर रिपोर्ट कहती है कि 231 उम्मीदवारों में से 108 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं. यानी जनसुराज उन आदर्शों पर खरा ही नहीं उतरा, जिन्हें पीके लगातार दोहराते रहे.

डिजिटल युद्धभूमि की रणनीति जमीनी हकीकत में फेल : पीके चुनाव को सोशल मीडिया अभियानों और आईटी प्रोफेशनल्स की टीम के जरिए लड़ने निकले, पर बिहार की जमीनी राजनीति में यह फॉर्मूला काम नहीं आया. ओवरकॉन्फिडेंस और डिजिटल चमक के आगे ग्रामीण वोटरों की असल प्राथमिकताएं अनदेखी रह गईं.

जनसुराज की हार के 5 बड़े कारण

- महिलाओं से जुड़ाव की कमी : एनडीए ने 'आधी आबादी' पर मजबूत पकड़ बनाई. लाभार्थी योजनाओं का सीधा असर दिखा. इसके उलट जनसुराज शराबबंदी खत्म करने जैसे मुद्दे उठाता रहा, जिससे महिला मतदाता नाराज हुईं और पार्टी को समर्थन नहीं मिला.
- ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर पकड़ : बिहार की 90% आबादी ग्रामीण है, लेकिन जनसुराज का प्रचार ज्यादा शहरी क्षेत्रों तक सीमित और डिजिटल रहा. गांवों के बूथों पर लोग सिंबल और उम्मीदवार दोनों से अपरिचित रहे, जिससे वोटर बिखर गए.
- संगठन की कमजोरी और बूथ प्रबंधन का अभाव : अंतिम समय तक बीएलए बनाने की हड़बड़ी, कई बूथों पर प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति और पैराशूट उम्मीदवारों के चयन से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ी. कई जगह उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिया या चुपाप बैठ गए.
- भाजपा की 'बी-टीम' की छवि : विपक्ष ने जनसुराज को एनडीए का वोट काटने वाली 'स्पॉइलर पार्टी' बताकर जनता के बीच संदेह पैदा किया. सोशल मीडिया पर यह छवि तेजी से फैली और पीके इससे बाहर नहीं निकल सके.
- सोशल मीडिया हाइप, लेकिन वोट में नहीं बदल सके : ऑनलाइन चर्चा, रील्स, ट्विटर स्पेस और डिजिटल कैम्पेन जमीन पर वोट में नहीं बदल सके. अधिकांश इन्फ्लुएंसर्स की पहुंच सीमित थी और युवाओं का उत्साह बूथ पर उतरते-उतरते खत्म हो गया.

भागलपुर के सातों विधानसभा में एनडीए का परचम, महागठबंधन का सुपड़ा साफ

संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के सातों विधानसभा सीट से महागठबंधन का सुपड़ा साफ हो गया है. इन सातों विधानसभा सीट पर एनडीए के प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर एक नया इतिहास रच दिया है. इस जीत को लेकर एनडीए खेमे में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है. एनडीए समर्थक ढोल नगाड़े बजाते हुए एक दूसरे के ऊपर अबीर गुलाल लगाते देखे जा रहे हैं. वहीं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई भी दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर महागठबंधन के खेल में निराशा देखी जा रही है. जिले के भागलपुर विधानसभा सीट से लगातार चार बार विधायक रहे कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा को भाजपा के रोहित पांडे ने पराजित किया. वहीं बिहपुर से भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर शैलेंद्र ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल करते हुए वीआईपी के अपर्णा कुमारी को पराजित किया.

राजद को छोड़ जदयू का दामन थामने वाले शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने वीआईपी के प्रेम सागर उर्फ डब्लू यादव को पराजित किया. कहलगांव विधानसभा क्षेत्र में जदयू प्रत्याशी शुभानंद मुकेश ने राजद प्रत्याशी रजनीश भारती को पराजित किया। पिरपैंती विधानसभा से भाजपा के मुरारी पासवान ने राजद के रामविलास पासवान को पराजित किया.

नाथनगर विधानसभा क्षेत्र से लोजपा आर के प्रत्याशी मिथुन यादव ने राजद के जेड हसन को पराजित किया। वहीं सुल्तानगंज विधानसभा क्षेत्र से जदयू के ललित मंडल ने रजत के चंदन सिन्हा को पराजित किया है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक विधानसभा में इवीएम के मतों की गिनती के लिए 14 टेबल तथा पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए पांच टेबल लगाया गए थे.

मंथन

घाटशिला उपचुनाव ने बचा ली सरकार की प्रतिष्ठा

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में उपचुनाव केवल एक सीट का मसला नहीं होता, बल्कि सरकार की दिशा, जनविश्वास और राजनीतिक संतुलन का संकेतक भी होता है. घाटशिला उपचुनाव के नतीजों ने यह तथ्य एक बार फिर सिद्ध किया है. कठिन राजनीतिक माहौल, विरोधी दलों के आक्रामक अभियान और कई तरह की सार्वजनिक असंतोष की धाराओं के बीच इस सीट पर जीत दर्ज करना सरकार के लिए न केवल राहत भरा क्षण रहा, बल्कि उसके राजनीतिक मनोबल को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ.पिछले कुछ महीनों में सरकार पर दबाव बढ़ रहा था-चाहे मुद्दा महंगाई का हो, रोजगार का या कुछ नीतिगत निर्णयों को लेकर जन असंतोष का. विपक्ष इस उपचुनाव को एक जनमत-संग्रह की तरह पेश कर रहा था और इसे सरकार की लोकप्रियता की परीक्षा माना जा रहा था. ऐसे में घाटशिला उपचुनाव का परिणाम सीधे तौर पर सत्ता पक्ष के प्रदर्शन पर जनमानस की मुहर के रूप में देखा गया.यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इससे सरकार को भविष्य की नीतियों को लेकर अधिक आत्मविश्वास मिलेगा. साथ ही यह संदेश भी गया है कि लोगों का भरोसा अभी भी सत्ता पक्ष पर कायम है, हालांकि चुनौतियाँ कम नहीं हुई हैं. दूसरी ओर विपक्ष के लिए यह परिणाम रणनीति पुनः तय करने और जनता से संवाद मजबूत करने का संकेत देता है.कुल मिलाकर, घाटशिला उपचुनाव ने न सिर्फ सरकार की प्रतिष्ठा बचाई है, बल्कि राजनीतिक स्थिरता और आगे की नीतिगत पहल के लिए ऊर्जा भी प्रदान की है. यह परिणाम बताता है कि जनता बदलाव चाहती है, लेकिन वह उम्मीद भी रखती है-और सरकार के पास इस विश्वास को कायम रखने की जिम्मेदारी और अवसर, दोनों मौजूद हैं.

नजरिया

बिहार में एनडीए को प्रचंड बहुमत,विपक्ष लगभग साफ

बिहार में हाल ही संपन्न हुए चुनावों ने राज्य की राजनीति में एक बार फिर बड़ा संदेश दिया है-विपक्ष पूरी तरह साफ हो गया. यह परिणाम केवल सीटों की संख्या का खेल नहीं, बल्कि जनभावनाओं और राजनीतिक रणनीतियों का गहरा प्रतिबिंब है. सत्ता पक्ष जहां संगठित, आक्रामक और जमीनी स्तर पर मजबूती के साथ मैदान में उतरा, वहीं विपक्ष अपनी दिशा और दमखम दोनों खोता दिखाई दिया. विपक्ष की हार के पीछे कई कारण रहे. सबसे बड़ा कारण रहा आंतरिक असंतोष और नेतृत्वहीनता की स्थिति. अलग-अलग दलों के बीच तालमेल की कमी, सीट बांटने को लेकर असहमति और स्पष्ट विजन का अभाव, इन सबने जनता में यह संदेश दिया कि विपक्ष सत्ता को चुनौती देने की स्थिति में ही नहीं है. दूसरी ओर, सत्ता पक्ष ने विकास, स्थिरता और सामाजिक योजनाओं को लेकर एक सुसंगत नैरेटिव तैयार किया, जिसने मतदाताओं पर प्रभाव डाला. चुनाव अभियान के दौरान भी विपक्ष मुद्दों को पकड़ने में सफल नहीं रहा. महंगाई, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था जैसे प्रमुख सवाल उठाए गए, परंतु उन्हें संगठित स्वरूप नहीं मिल सका. जनता ने इन तर्कों को सुना तो जरूर, पर उन पर भरोसा नहीं किया. इसके उलट, सत्ता पक्ष ने लाभार्थी योजनाओं और स्थानीय स्तर पर पहुंच बनाने वाली राजनीति के सहारे लोकमत को अपने पक्ष में मोड़ लिया. यह परिणाम विपक्ष के लिए आत्ममंथन का अवसर है. बिहार की जनता ने इस चुनाव में साफ संदेश दे दिया है-विश्वास उसी पर होगा जो संघर्ष, संगठन और स्थिरता दिखा सके.

16 सितंबर, 2022 को मैंने अपने फेसबुक वॉल पर प्रशांत किशोर के बारे में यह पोस्ट लिखा था. इसे फिर से मैं हू-ब -हू यहां पेश कर रहा हूं.

प्रशांत बिहार में अपना समय बर्बाद कर रहे

सुरेंद्र किशोर

बिहार के बारे में प्रशांत की समझदारी का स्तर भी डॉ स्वामी जैसी ही है

- मुझसे यदि प्रशांत पूछेंगे तो मैं उन्हें कहूंगा कि यदि आपको बिहार में ही रहना है, तो किसी न किसी संगठित दल में शामिल होकर उसमें अनुशासित ढंग से रहिए और काम करिए. अपनी 'बारी' का इंतजार करिए. अन्यथा, आप डॉ स्वामी का मार्ग अपना कर जीवन को सार्थक बनाइए.

प्रशांत किशोर बड़ी उम्मीद के साथ बिहार में सक्रिय हैं.उनकी मेहनत देखकर मैं प्रभावित हूं.पर, इनकी सक्रियता देख कर मुझे डॉ.सुब्रह्मण्यन स्वामी की सक्रियता याद आ रही है.नब्बे के दशक में डॉ.स्वामी भी बिहार में सक्रिय हो गए थे. उन्होंने मध्य पटना में एक मकान भी खरीदवा लिया था. उसमें उनकी पार्टी का ऑफिस था. डॉ स्वामी ने निश्चय किया था कि वे बिहार की तत्कालीन सरकार को उखाड़ फेकेंगे. उस राज को पटना हाईकोर्ट ने 'जंगल राज' कहा था. जब डा.स्वामी अपने काम में सफल नहीं हुए तो मध्य पटना वाला वह मकान बेच देना पड़ा.

डॉ.स्वामी क्यों सफल नहीं हुए ?

क्योंकि उन्हें बिहार की जमीनी राजनीति, समाज नीति और राजनीति व समाज के बीच के संबंधों की कोई खास समझ नहीं थी. पर डॉ स्वामी को जिस बात की समझ थी,उस काम में वे अधिक तन्मयता से लग गए. उसमें वे सफल भी हुए. उन्होंने पत्र- पत्रिकाओं में विस्फोटक इंटरव्यू दे-देकर और लोकहित याचिकाओं के जरिए जयललिता और देश की कई अन्य राजनीतिक हस्तियों को उनकी औकात बता दी.

इधर प्रशांत किशोर के जो विचार सामने आते रहे हैं,उससे मुझे यह लगता है कि बिहार के बारे में प्रशांत की समझदारी का स्तर भी डॉ स्वामी जैसी ही है. इसलिए मेरी समझ के अनुसार प्रशांत किशोर बिहार में अपना बहुमूल्य समय खराब कर रहे हैं. मुझसे यदि प्रशांत पूछेंगे तो मैं उन्हें कहूंगा कि यदि आपको बिहार में ही रहना है, तो किसी न किसी संगठित दल में शामिल होकर उसमें अनुशासित ढंग से रहिए और काम करिए. अपनी 'बारी' का इंतजार करिए. अन्यथा, आप डॉ स्वामी का मार्ग अपना कर जीवन को सार्थक बनाइए. देश में भ्रष्टाचार आज सबसे बड़ी समस्या है. अन्य राष्ट्रीय समस्याओं से लड़ने में भी भ्रष्टाचार बाधक बन रहा है.

उनकी तमाम उछल -कूद के बावजूद मैं डॉ स्वामी के जीवन को सार्थक मानता हूं. उन्होंने न सिर्फ देश के सर्वाधिक भ्रष्ट मुख्यमंत्री को जनहित में बर्बाद कर दिया, बल्कि भ्रष्टों के खिलाफ इस्तेमाल के लिए अन्य जनहितकारी लोगों को भी एक बहुत बड़ा कानूनी हथियार थमा दिया. डॉ स्वामी की याचिका पर ही सुप्रीम कोर्ट यह आदेश दे चुका है कि कोई आम नागरिक भी कोर्ट में सबूत के साथ याचिका दायर कर किसी बड़ी से बड़ी भ्रष्ट हस्ती के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करवा सकता है. उसके लिए उसे कोई सरकारी पूर्वानुमति नहीं चाहिए. इस कानूनी सुविधा का इस्तेमाल करके कोई व्यक्ति जनता का हीरो बन सकता है.

हाल में प्रशांत किशोर के ऑफिस से मुझे फोन आया था. कहा गया कि प्रशांत जी आपसे मिलना चाहते हैं. मैंने अशिष्ट न होते हुए कह दिया कि मैं घर से निकलने की स्थिति में नहीं हूं. वैसे भी इमरजेंसी छोड़कर मैं घर से नहीं निकलता. निकलने की अब मुझे कोई जरूरत भी नहीं रही. न कोई 'इच्छा' या महत्वाकांक्षा ही बची है.मेरा पुस्तकालय -संदर्भालय ही मेरा सबसे बढ़िया दोस्त है. दरअसल प्रशांत जी से मैं यदि मिलता तो मुलाकात के बाद उन्हें भी लगता कि उनका समय बर्बाद हुआ. क्योंकि बिहार के बारे में समझदारी को लेकर हम दोनों ''किशोर'' दो छोर पर हैं.

आज का इतिहास

1830 : समाज सुधारक राजा राम मोहन राय इंग्लैंड के लिए रवाना हुए.
1920 : जिनेवा में लीग ऑफ नेशंस की पहली बैठक आयोजित की गई.
1936 : नाजी जर्मनी और जापान के बीच कोमिंट्रन विरोधी संधि पर हुआ हस्ताक्षर.
1947 : विश्व स्वास्थ्य संगठन संयुक्त राष्ट्र का विशिष्ट अभिकरण बन गया.
1949 : महात्मा गांधी की हत्या के दोषी नाथूराम गोड से और नारायण दत्तात्रेय आप्टे को फांसी दी गई.
1955 : पोलैंड और यूगोस्लाविया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये गये.
1961 : संयुक्त राष्ट्र ने परमाणु हथियारों पर रोक लगाई.
1988 : पी.एल.ओ. के अध्यक्ष यासर अराफात द्वारा फ़िलिस्तीन स्वतंत्र राष्ट्र घोषित.
1989 : कराची में वकार यूनुस और सचिन ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया.

चिंतन

...अंत में भगवान जरूरी आपकी बातों को सुनते हैं

4 साल से किशनगढ़ में बारिश की एक बूंद तक नहीं गिरी थी. सभी परेशान थे. हरिया भी परिवार के साथ जैसे - तैसे समय काट रहा था. एक दिन वह बोला, अरे ओ मुन्नी की मां, जरा बच्चों को लेकर पूजा घर में तो आओ. बच्चों को लेकर मां पूजा घर में पहुंची. हरिया हाथ जोड़ कर भगवान के सामने बैठा था, वह रुंधी हुई आवाज़ में आंसू छिपाते हुए बोला, सुना है भगवान बच्चों की जल्दी सुनता है.चलो हम मिलकर ईश्वर से बारिश के लिए प्रार्थना करते हैं. सभी बारिश के लिए प्रार्थना करने लगे.

मुन्नी मन ही मन बोली-भगवान जी मेरे बाबा बहुत परेशान हैं आप तो सब कुछ कर सकते हैं.हमारे गांव में बारिश कर दीजिए न. पूजा करने के बाद हरिया उठा और घर से बाहर निकलने लगा.आप कहां जा रहे हैं बाबा. मुन्नी बोली. ऐसे ही खेत तक जा रहा हूं बेटा, हरिया बाहर निकलते हुए बोला. अरे रुको-रुको, अपने साथ ये छाता तो लेते जाओ, मुन्नी दौड़ कर गयी और छाता ले आई. छाता देख हरिया बोला, अरे, इसका क्या काम, अब तो शाम होने को है.धूप तो जा चुकी है. मुन्नी बोली, अरे बाबा अभी थोड़ी देर पहले ही तो हमने प्रार्थना की है.कहीं बारिश हो गयी तो , मुन्नी का जवाब सुन हरिया स्तब्ध रह गया. उसने महसूस किया कि कोई आवाज़ उससे कह रही हो-प्रार्थना करना अच्छा है. लेकिन उससे भी ज़रूरी है इस बात में यकीन रखना कि तुम्हारी प्रार्थना सुनी जाएगी. हरिया ने बेटी को गोद में उठा लिया, उसके माथे को चूमा और छाता अपने हाथ में घुमाते हुए आगे बढ़ गया. दोस्तों, हम सभी प्रार्थना करते हैं पर हम अपनी प्रार्थना में पूरा भरोसा नहीं करते. और ऐसे में हमारी प्रार्थना बस शब्द बन कर रह जाती है. सच नहीं होती. सभी धर्मों में विश्वास की शक्ति का उल्लेख है, कहते भी हैं कि "दृढ़ विश्वास हो तो इंसान पहाड़ भी हिला सकता है. और सच में, दशरथ मांझी के रूप में हमारे सामने इसका एक प्रत्यक्ष प्रमाण भी है. इसलिए पूजा को सही मायने में सफल होते देखना चाहते हैं तो ईश्वर में विश्वास रखें और ऐसा दिखाएं, मानो आपको प्रार्थना सुनी ही जाने वाली हो और जब आप लगातार ऐसा करेंगे तो भगवान आपकी ज़रूर सुनेगा.

इंडिया पर ट्रेंडिंग

1. #BiharElection2025 210K
2. #ElectionUpdates 17K
3. #NitishKumar 13K
4. #ChildrensDay 29K
5. बिहार चुनाव 86K
6. तेजस्वी यादव 28K
7. AIMIM 12K
8. Jasprit Bumrah
9. नीतीश कुमार 15K
10. #Congress

बहुरंग

'बैटल ऑफ गलवान' के लिए सलमान की कड़ी तैयारियां शुरू

सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर पूरी तरह समर्पित हैं. उनकी पिछली रिलीज 'सिकंदर', जो ईद 2025 पर आई थी, बॉक्स ऑफिस पर उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई. ऐसे में अभिनेता अब अपनी अगली फिल्म को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहते और उसी का नतीजा है कि वह फिटनेस पर विशेष ध्यान दे रहे हैं. सलमान ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नई तस्वीर शेयर की, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो गई. इस फोटो में सलमान बैकस्टेज वर्कआउट करते दिखाई दे रहे हैं. वह लेग एक्सरसाइज़ करते दिख रहे हैं, जबकि उनके भाई सोहेल खान उनके पैर को सपोर्ट देते नजर आ रहे हैं. फोटो सामने आते ही फैंस ने कमेंट्स की बारिश कर दी. सोशल मीडिया पर सलमान की मेहनत और डेडिकेशन की खूब सराहना हो रही है. गौरतलब है कि 'बैटल ऑफ गलवान' अगले साल 2026 में रिलीज होने वाली है. यह फिल्म सलमान के लिए एक बड़े प्रोजेक्ट के रूप में देखी जा रही है, और अभिनेता अपनी बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन तथा फिटनेस को लेकर लगातार अपडेट शेयर कर रहे हैं. फैंस अब फिल्म को लेकर और भी ज्यादा उत्साहित नजर आ रहे हैं.

नवंबर के आखिरी हफ्ते से शुरू होगी 'स्पिरिट' की शूटिंग



सुपरस्टार प्रभास जहां अपनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' के लिए सुर्खियों में हैं, वहीं उनकी दूसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' भी चर्चाओं का केंद्र बनी हुई है. 'एनिमल' जैसी ब्लॉकबस्टर देने वाले निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इस मेगा-प्रोजेक्ट का निर्देशन कर रहे हैं, और हाल ही में उन्होंने फिल्म को लेकर एक महत्वपूर्ण अपडेट शेयर किया है, जिसने फैंस में उत्साह और बढ़ा दिया है. हाल ही में संदीप रेड्डी वांगा ने बताया कि 'स्पिरिट' की शूटिंग नवंबर 2025 के आखिर में शुरू हो जाएगी. प्रभास के साथ इस फिल्म की घोषणा के बाद से ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, ऐसे में शूटिंग शुरू होने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई. फिल्म में प्रभास के अपोजिट तृप्ति डिमरी नजर आएंगी, जो आजकल बॉलीवुड और साउथ दोनों इंडस्ट्री में पॉपुलर चेहरा बन चुकी हैं. बीते दिनों खबरें थीं कि चिरंजीवी फिल्म में प्रभास के पिता का किरदार निभा सकते हैं, लेकिन संदीप रेड्डी ने इन अफवाहों को खारिज कर दिया. उन्होंने साफ कहा कि चिरंजीवी किसी भी रूप में फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे. वहीं, जब उनसे दक्षिण कोरियाई स्टार डॉन ली के विलेन के तौर पर शामिल होने के बारे में पूछा गया, तो निर्देशक ने इस पर न तो हां कही और न इनकार किया. इससे फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई है. 'स्पिरिट' प्रभास के करियर की सबसे महंगी और महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक बताई जा रही है, और 2026 की यह रिलीज पहले से ही दर्शकों के बीच भारी चर्चा में है.

'किस किसको प्यार करूं 2' का मस्तीभरा गाना 'फुर्र' रिलीज

कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने लौट रहे हैं. हालांकि फिल्म की रिलीज में अभी समय है, लेकिन मेकर्स ने इसका पहला गाना 'फुर्र' रिलीज कर दिया है, जिसने आते ही सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा बटोरी. गाने को जोश बरार और यो यो हनी सिंह ने अपनी आवाज और रैप से सजाया है, वहीं कपिल का एनर्जेटिक डांस और उनका ट्रेडमार्क पंजाबी स्वैग इसे एक परफेक्ट पार्टी एंथम बना रहा है. फैंस गाने की बीट्स, विजुअल्स और कपिल की स्क्रीन प्रेजेंस की जमकर तारीफ़ कर रहे हैं. गाने की कोरियोग्राफी रजित देव ने की है, जबकि इसका निर्देशन मिहीर गुलाटी ने संभाला है. 'फुर्र' में कपिल के साथ पारुल गुलाटी, आयशा खान और त्रिधा चौधरी भी नजर आ रही हैं, जिन पर यह गाना खूबसूरती से फिल्माया गया है. कपिल शर्मा ने गाने को रिलीज करते हुए लिखा, ₹नाचने, झूमने और फुर्र होने के लिए तैयार हो जाइए.₹ उनका यह कैप्शन भी सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया गया. फिल्म अनुकल्प गोस्वामी के निर्देशन में बनी है और यह 2015 में आई सुपरहिट कॉमेडी 'किस किसको प्यार करूं' का सीक्वल है. मेकर्स के अनुसार, सीक्वल में कॉमेडी, ड्रामा और मस्ती का डोज पहले से भी ज्यादा होगा. 'किस किसको प्यार करूं 2' 12 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, और पहला गाना देखकर फैंस का उत्साह पहले ही चरम पर पहुंच चुका है.

कैटरीना मां बनने के 7 दिन बाद अस्पताल से लौटीं घर

अभिनेत्री कैटरीना कैफ और अभिनेता विक्की कौशल हाल ही में माता-पिता बने हैं. 7 नवंबर को कैटरीना ने मुंबई के एच.एन. रिलायंस अस्पताल में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया था. मां बनने के सात दिन बाद अब कैटरीना को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है. खास बात यह है कि अभिनेत्री बाल दिवस के दिन अपने नन्हें बेटे को लेकर घर लौटीं और इस भावुक पल का वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि विक्की कौशल अपनी पत्नी और नवजात बेटे का खास ख्याल रखते नजर आए. दोनों बेहद शांत और निजी अंदाज़ में अस्पताल से बाहर निकले, जिससे यह साफ झलकता है कि वे अपने बच्चे की प्राइवेसी को लेकर बेहद सजग हैं. कैटरीना को घर ले जाने के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम भी किए गए थे. बेटे के जन्म की घोषणा कपल ने 7 नवंबर को सोशल मीडिया पर एक दिल को छू लेने वाले पोस्ट के साथ की थी. उन्होंने लिखा था, ₹हमारी खुशियों की सौगात आ गई है... खूब सारा प्यार और आभार के साथ हम अपने बेटे का स्वागत करते हैं. 7 नवंबर 2025, कैटरीना और विक्की. इस संदेश के बाद से बॉलीवुड सेलिब्रिटीज़ और फैन्स की ओर से बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

मेष : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-6-9

वृष : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-4-7-9

मिथुन : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

कर्क : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-1-5-7

सिंह : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-1-3-5

कन्या : अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-4-6-8

तुला : अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-

वृश्चिक : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-8

धनु : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-3-5-6

मकर : आत्मविश्वास बढ़ेगा। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक-3-4-6

कुंभ : खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

मीन : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-6

बाल दिवस पर उत्सव, सम्मान, भ्रमण, मेला व रंगारंग कार्यक्रम

हिन्डालको ने 100 विद्यार्थियों को दिया पुरस्कार

शुभम संदेश । मेदिनीनगर

बाल दिवस के अवसर पर हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर ईकाई ने कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता एचआर हेड अरूप बनर्जी ने की. मुख्य अतिथि पलामू डीएसई संदीप कुमार और पंडवा बीडीओ राजीव कुमार मौजूद थे. कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल 100 विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया. साथ ही बेस्ट टीचर का पुरस्कार कजरी मवि के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार पाठक को दिया गया. डीएसई संदीप कुमार ने कहा कि देश के नवनिर्माण में विद्यार्थियों की अहम भूमिका है और प्रारंभिक दौर से ही प्रतियोगिता की भावना विकसित करना आवश्यक है. बीडीओ राजीव कुमार ने पढ़ाई के साथ खेलकूद और कला में रूचि रखने की सलाह दी. एचआर हेड अरूप बनर्जी ने माइंस प्रबंधन की सामाजिक जिम्मेदारी और स्थानीय जीवन स्तर सुधारने की प्रतिबद्धता की सराहना की. मौके पर कई शिक्षक और अधिकारियों ने भाग लिया.

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में बाल दिवस का आयोजन

लातेहार । पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय लातेहार में 14 नवंबर को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने देश के पहले प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर की. प्राचार्य ने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए अच्छी शिक्षा प्राप्त करने और अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि स्कूली जीवन में ही सच्चे नागरिक बनने की नींव रखी जाती है और बच्चों को हमेशा अपने लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए. इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. बड़े बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटक से दर्शकों का मन मोह लिया. कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी और उन्हें उपहार वितरित किए. उन्होंने बच्चों को खुश रहने, मेहनत करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया. इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

छात्रों ने किया जनजातीय गांवों का क्षेत्र भ्रमण

लातेहार। जनजातीय गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने पोषक क्षेत्र के जनजातीय गांवों का क्षेत्र भ्रमण किया. इस दौरान बच्चों ने जनजातीय समुदायों की सरल जीवनशैली, समृद्ध संस्कृति, हस्तशिल्प और परंपराओं को करीब से समझा. बच्चों ने जनजातीय घरों का अवलोकन किया और वहां के लोगों से संवाद कर उनके जीवन, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को जानने का प्रयास किया. छात्रों ने ग्रामीण जीवन की सादगी, प्रकृति से जुड़ाव और सामुदायिक भावना को बहुत रुचि और सम्मान के साथ देखा. इस दौरान उन्हें यह अनुभव हुआ कि विविध संस्कृति में भी सामूहिक सहयोग और परंपराओं का कितना महत्व है. प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसी शैक्षणिक यात्राएँ बच्चों में संवेदनशीलता, विविधता का सम्मान और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत बनाती हैं. यह भ्रमण छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और अनुभवात्मक शिक्षा का अवसर साबित हुआ.

शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में बाल मेला आयोजित

बरवाडीह (लातेहार) । शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर बाल उत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, स्कूल डायरेक्टर डॉ. पवन कुमार और प्रिंसिपल शांतनु डे ने संयुक्त रूप से किया. बच्चों के लिए खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत हरी झंडी दिखाकर की गई. कार्यक्रम में पूर्व पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई. बच्चों के लिए फूड स्टॉल भी लगाए गए, जहां महिला शिक्षक कर्मियों ने अपने द्वारा बनाए खाद्य पदार्थ कूपन के माध्यम से बेचें.

संत जेवियर्स हाई स्कूल गोठगांव बाल दिवस की धूम

महुआडांड़ (लातेहार) । संत जेवियर्स हाई स्कूल गोठगाँव में बाल दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र मिस्सा बलिदान से हुई. इसके बाद प्रधानाध्यापिका सिस्टर ख्रीस्टीना खलखो, विद्यालय सचिव फादर अशोक नगेसिया, फादर बलबीर टोप्पो, फादर दिगेश्वर भोगता, फादर मनोरंजन कच्छप और शिक्षकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसने परिसर में उल्लास भर दिया. विद्यालय प्रांगण में बच्चों के लिए मनोरंजक पिकनिक का आयोजन किया गया, जिसमें खेल, गीत, नृत्य और भोज का आनंद लिया गया. सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता

मेदिनीनगर । मेदिनीनगर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बाल दिवस एवं झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्राचार्य आर. प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और चाचा नेहरु व भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की. बच्चों ने 'स्कूल चले हम' गीत पर नृत्य किया, जबकि प्री-नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के छात्रों ने फैन्सी ड्रेस में रैम्प वॉक किया.

कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

शुभम संदेश । लातेहार

जिला कांग्रेस कार्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई. इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष अमित यादव ने नेहरू जी को भारत का महान प्रधानमंत्री बताया और कहा कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों में देश को नई दिशा दी और भारत को मजबूत एवं विकसित राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ाया. पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष गूंजर उरांव ने कहा कि नेहरू जी बच्चों के प्रिय थे, इसलिए उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है. उन्होंने शिक्षा और कृषि क्षेत्र में उनके द्वारा तैयार किए गए आधार की प्रशंसा की. विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव ने बताया कि नेहरू जी के दूरदर्शी नेतृत्व में आईआईटी, एआईआईएमएस (एम्स) और भाखड़ा नांगल बांध जैसी संस्थाओं की स्थापना हुई, जिसने भारत को वैश्विक स्तर पर सशक्त बनाने में योगदान दिया. कार्यक्रम में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष गूंजर उरांव, युवा जिला अध्यक्ष अमित यादव, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे और नेहरू जी को याद करते हुए उन्हें भावभीन श्रद्धांजलि दी.

विधायक ने दो योजनाओं का किया शिलान्यास

शुभम संदेश । महुआडांड़

प्रखंड के अंतर्गत शुक्रवार को विधायक रामचन्द्र सिंह ने दो महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास किया. विधायक के आगमन पर अम्बवाटोली मुखिया रोशनी कुजूर ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया. शिलान्यास समारोह पूजा-अर्चना के साथ विधिवत सम्पन्न हुआ. अंब्वाटोली पंचायत के ग्राम बरटोली में आरसीडी रोड से चर्च होते हुए कब्रिस्तान तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया. वहीं दूसरी योजना अक्सी पंचायत के ग्राम बांसकरचा में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत डीएमईटी लातेहार द्वारा मेन रोड से एकलव्य आदर्श विद्यालय, लखीपुर तक पहुँच पथ और पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया. इस अवसर पर झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, उपप्रमुख अभय मिंज, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजित पाल कुजूर, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष नुरुल हसन, कांग्रेस नेता रानु खान, किशोर तिर्की, रामनरेश ठाकुर सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

झारखंड स्थापना दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता व पौधरोपण कार्यक्रम

झारखंड स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ की धूम

शुभम संदेश । मेदिनीनगर

झारखंड स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर योध सिंह नामधारी महिला कालेज में 11 से 13 नवम्बर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. मिनी टुडू ने किया. कार्यक्रम में पेंटिंग, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक क्षमता और तर्कशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. 11 नवम्बर को "युवा और विकासशील झारखंड" विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. मोहिनी गुप्ता और डॉ. शोभा रानी ने किया. रिया कुमारी प्रथम, अंजलि कुमारी द्वितीय तथा चंचल कुमारी और तनु प्रिया संयुक्त तृतीय रहीं. 12 नवम्बर को निबंध लेखन प्रतियोगिता में सबनम परवीन प्रथम, अंजलि कुमारी द्वितीय और अंकाक्षा कुमारी तृतीय रहीं. 13 नवम्बर को वाद-विवाद प्रतियोगिता में कोमल कुमारी प्रथम, ईशा दुबे द्वितीय और अनुष्का शंकर तृतीय रहीं. प्राचार्या डॉ. मोहिनी गुप्ता ने कहा कि झारखंड के 25 वर्ष सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक संपदा और विकास यात्रा का प्रतीक हैं.

झारखंड स्थापना दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता व पौधरोपण कार्यक्रम टाउन हॉल में आयोजित

मेदिनीनगर । झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय टाउन हॉल में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 10 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने झारखंड के इतिहास, भौगोलिक संरचना और प्रतीक चिन्ह पर आकर्षक पेंटिंग बनाई. बेस्ट पेंटिंग वाले प्रतिभागियों को मुख्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा. इसी दौरान रेवारातू और जोटांग गांव में जलछाजन मिशन एवं भूमि संरक्षण विभाग के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम हुआ. आम, अमरूद, संतरा और कटहल के पौधे लगाए गए. पलामू डीडीसी जावेद हुसैन और स्टेट नोडल ऑफिसर अरूण कुमार बोस ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला. विद्यार्थियों ने रंगोली बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया. मौके पर बीडीओ, शिक्षक, छात्र और ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने पौधों की सुरक्षा की शपथ भी ली.

पलामू में बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर भाजपा ने निकला विजय जुलूस

शुभम संदेश । मेदिनीनगर

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में पलामू में भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भव्य विजय जुलूस निकाला. स्थानीय गीता भवन से प्रारंभ हुआ जुलूस जिलाध्यक्ष अमित तिवारी के नेतृत्व में छहमुहान चौक तक गया. जुलूस में शामिल कार्यकर्ताओं ने बिहार की जनता जिंदाबाद, हर हर मोदी, घर घर मोदी के नारों के साथ उत्साहपूर्ण यात्रा की. कार्यकर्ताओं ने लोगों को अबीर-गुलाल लगाकर जीत की बधाई दी, ढोल-नगाड़े बजाए, पटाखे फोड़े और लड्डू बांटे. भाजपा नेताओं ने कहा कि यह जनता की स्पष्ट संदेश है कि विकास को प्राथमिकता दी जाए. यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है. विजय जुलूस में भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे आदि शामिल थे.

मनातू में एनडीए की प्रचंड जीत विजय उत्सव

मनातू । बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद मनातू क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार विजय उत्सव मनाया. मंडल अध्यक्ष अंतू यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अबीर-गुलाल लगाकर, मिठाई बांटकर और पटाखे फोड़कर जीत का जश्न मनाया. उन्होंने कहा कि यह जीत विकास, सुशासन और जनता के विश्वास की जीत है. पूर्व मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र यादव ने भी मोदी-नीतीश नेतृत्व की सराहना की.

श्रीराम कथा का समापन श्रद्धालु भक्ति में लीन रहे

शुभम संदेश । हुसैनाबाद, पलामू

जपला के मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर, कर्पूरी मैदान में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का समापन गुरुवार को विधि-विधान से हवन-पूजन और भंडारे के साथ हुआ. अंतिम दिन परिसर में भक्तिरस, भजन, जयकारों और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम दिखाई दिया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे. समापन समारोह में पूर्व जिप उपाध्यक्ष विनोद सिंह विशेष रूप से उपस्थित हुए. उन्होंने कथा वाचिका पूज्या कनक पांडेय जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और कहा कि श्रीराम कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में सद्भाव, नैतिकता और एकता को मजबूत करने वाला दिव्य माध्यम है. श्री सिंह ने समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की और भव्य भंडारे में शामिल होकर श्रद्धालुओं संग महाप्रसाद ग्रहण किया. गत 5 नवंबर से प्रारंभ हुई इस कथा में रोजाना हजारों भक्तों ने सहभागिता की और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों का रसपान किया.

जर्जर सड़क के कारण 6 की जगह 32 किमी. का चक्कर

महुआडांड़ । महुआडांड़ प्रखंड के ग्राम मिरगी से चीरोपाठ को जोड़ने वाली 6 किलोमीटर लंबी सड़क कई वर्षों से अधूरी पड़ी है. वन विभाग की आपत्तियों के कारण निर्माण बार-बार रुक जाता है. इसके चलते ग्रामीणों को 6 किलोमीटर की दूरी तय करने के बजाय लगभग 32 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे समय, पैसा और मेहनत की भारी बर्बादी होती है. ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क बन जाए तो महुआडांड़ और चीरोपाठ की दूरी घटकर केवल 15 किलोमीटर रह जाएगी, जिससे स्कूल, अस्पताल, बाज़ार और सरकारी दफ्तरों तक पहुंचना आसान होगा. फिलहाल बुजुर्गों, महिलाएं, बच्चे और छात्र लंबा और कठिन रास्ता तय कर रहे हैं. बरसात में कच्चा रास्ता कीचड़ और पानी से भर जाता है, जिससे बीमारों को अस्पताल ले जाना मुश्किल हो जाता है. वनपाल कुवर गंजू ने कहा कि विभाग ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत है और समाधान के प्रयास जारी हैं.

घाटशिला उपचुनाव में जीत, कार्यकर्ताओं में जश्न

बालूमाथ (लातेहार) । घाटशिला उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन की जीत पर बालूमाथ स्थित झामुमो कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी. झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू ने इसे ऐतिहासिक जीत बताया और स्व. रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की. कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को गले लगाकर खुशी मनाई. इस मौके पर जिला संयुक्त सचिव ऐश्वर्या उरांव, प्रखंड उपाध्यक्ष मो. सरफराज, सीता उरांव, प्रखंड सचिव कपिलदेव उरांव, मो. इमरान, मुनाजिर हुसैन, राजू गंझू समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे.

योगदान समाज में संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण पेश

पूर्व मंत्री ने लाभुकों को दिए 50 हजार रुपये के चेक

शुभम संदेश । लातेहार

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने सामाजिक सरोकार का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए गंभीर बीमारी से जूझ रहे दो जरूरतमंद मरीजों को आर्थिक सहायता प्रदान की. लातेहार प्रखंड के ज़ालिम निवासी मिथलेश गिरी और चंदवा प्रखंड की अनवरी बेगम लंबे समय से गंभीर बीमारी से प्रभावित थे और आर्थिक तंगी के कारण अपना उपचार नहीं कर पा रहे थे. इस स्थिति को देखते हुए बैद्यनाथ राम ने शुक्रवार को अपने आवास पर मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को 50-50 हजार रुपये का चेक सौंपा. यह आर्थिक सहायता उनके उपचार में महत्वपूर्ण योगदान करेगी और उनके परिवारों को राहत का संबल देगी. चेक प्राप्त करते समय मिथलेश गिरी और अनवरी बेगम ने पूर्व मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सहायता उनके स्वास्थ्य सुधार की दिशा में नई उम्मीद लेकर आई है. इस अवसर पर झामुमो नेता एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, सुदामा प्रसाद, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, दीपक कुमार और चंदन कुमार भी उपस्थित रहे. बैद्यनाथ राम ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना उनका नैतिक दायित्व है और वे आगे भी समाज कल्याण से जुड़े ऐसे कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे. पूर्व मंत्री का यह कदम स्थानीय समाज में संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण है. उनके इस प्रयास से न केवल लाभुकों को राहत मिली है, बल्कि समाज में मानवता और सहायता की भावना को भी बढ़ावा मिला है. इस प्रकार की पहल समाज में सकारात्मक संदेश फैलाती है और लोगों को दूसरों की मदद करने के लिए प्रेरित करती है. बैद्यनाथ राम की यह पहल साबित करती है कि राजनीतिक नेतृत्व केवल नीतियों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जनता की वास्तविक समस्याओं को समझकर उनके समाधान में सक्रिय योगदान देना भी आवश्यक है. उनके इस कदम से लातेहार क्षेत्र के लोगों में सामाजिक सुरक्षा और कल्याण की भावना और मजबूत हुई है.

एक नजर

ज्ञान निकेतन स्कूल में बच्चों ने मनाया उत्सव

मेदिनीनगर । विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय अध्यक्ष बलिराम शर्मा द्वारा जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि से हुई. बच्चों का स्वागत पुष्प वर्षा एवं तिलक लगाकर किया गया. नर्सरी के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने देश के महापुरुषों के रूप में भाग लिया. अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है. शैक्षिक निदेशक शंकर दयाल ने बच्चों को सत्य के मार्ग पर चलने और परिवार का गर्व बढ़ाने की प्रेरणा दी. प्राचार्य मनोहर पाण्डेय और शिक्षक बच्चों को कविता पाठ के माध्यम से जीवन और संघर्ष से निपटने की सीख दी. मौके पर उपप्राचार्य अनीश पाण्डेय, शिक्षक और सभी छात्र उपस्थित थे.

रंगदारी मामले में गैंगस्टर सुजीत सिन्हा बरी

लातेहार । प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी उत्कर्ष जैन की अदालत ने जीआर वाद संख्या 320/20 ए में कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा को दोषमुक्त करार दिया. मामले में आरोप था कि सुजीत सिन्हा और अमन साहू ने 7 मार्च 2020 को रेलवे ठेकेदारों से रंगदारी मांगने और धमकी देने के आरोप लगाए थे. प्राथमिकी लातेहार थाना कांड संख्या 49/20 के तहत दर्ज की गई थी. अदालत में अभियोजन पक्ष ने गवाह पेश किए, जबकि दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायिक दंडाधिकारी ने साक्ष्य की कमी के कारण सुजीत सिन्हा को बरी कर दिया. सुनील कुमार ने बताया कि सुजीत सिन्हा साहिबगंज जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किए गए. मामले में 15 फरवरी 2025 को आरोपियों के बयान दर्ज किए गए थे. अमन साहू की मृत्यु के कारण उनकी सुनवाई अलग की गई थी.

निर्माणाधीन सड़कों का एसडीओ ने किया निरीक्षण

हुसैनाबाद/हैदरनगर । जिला योजना पदाधिकारी पलामू के निर्देश पर एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता ने गुरुवार को हैदरनगर प्रखंड के कबरा कला गांव में निर्माणाधीन दोनों पीसीसी सड़क परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया. उन्होंने जटापाल के घर से सोन नदी होते हुए श्याम नारायण के घर तक और सामुदायिक भवन से काडेना बर पेड़ तक बनी सड़कों की तकनीकी गुणवत्ता, मोटाई, मिश्रण और ढलाई की स्थिति का बारीकी से मूल्यांकन किया. निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता प्राक्कलन मानकों के अनुरूप पाई गई. एसडीओ ने संवेदक को निर्देश दिया कि सड़क दोनों ओर फ्लैंक में मिट्टी भराई कर समतलीकरण सुनिश्चित करें और ढलाई किए गए हिस्सों पर नियमित पानी का पटवन (क्यूरिंग) किया जाए. जिला योजना पदाधिकारी ने संबंधित योजनाओं का जीयो-टैग्ड फोटोग्राफ सहित तीन दिनों में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया. स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन के निरीक्षण की सराहना करते हुए कहा कि इससे गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण सुनिश्चित होगा और उन्हें बेहतर सड़क सुविधा प्राप्त होगी.

झारखंड के विकास में उदासीनता पर जताई चिंता

मेदिनीनगर । झारखंड के 25वीं वर्षगांठ पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित की गई. गोष्ठी की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की और संचालन संजय कुमार ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुई. मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि झारखंड 25 वर्ष का युवा है, लेकिन जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण अपेक्षित विकास नहीं हो सका. झारखंड खनिज संपदा से भरपूर होने के बावजूद गरीबी, बेरोजगारी और कुपोषण से जूझ रहा है. शिक्षा और चिकित्सा की कमी के कारण हजारों मजदूर पलायन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि राज्य के समुचित विकास के लिए सक्रिय और जिम्मेदार कदम उठाना जरूरी है. गोष्ठी में परमानंद कुमार, दीपक भारती, सुशील कुमार, प्रभात कुमार, दीपक कुमार, नागेंद्र कुमार, राहुल कुमार, जयपाल मोची और कृष्णा राम सहित कई लोग उपस्थित थे.

दिल्ली विस्फोट के बाद पलामू में बढ़ाई गई सुरक्षा

मेदिनीनगर । दिल्ली में हुए बम विस्फोट के बाद झारखंड स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ और भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर रांची में प्रस्तावित वी.आई.पी. आगमन को देखते हुए पलामू पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है. जिले के वाहन, होटल, बस-स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. एसपी पलामू रिष्मा रमेशन ने सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने और संदिग्ध व्यक्तियों तथा गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने आमलोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध सूचना पर तुरंत पुलिस को अवगत कराएँ और अफवाहों से बचें. सुरक्षा के इन उपायों से जिले में शांति और व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है.

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं इलाज शिविर का आयोजन

बरवाडीह (लातेहार)। लक्ष्मी चन्द्रवंशी होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, विश्रामपुर (पलामू) के सहयोग से शुक्रवार को बरवाडीह बस स्टैंड स्थित राजेंद्र कॉम्प्लेक्स में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर सुबह 11 बजे शुरू हुआ और दोपहर 12:30 बजे से सभी जांच सेवाएं उपलब्ध कराई गईं. शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने नए एवं पुराने सभी प्रकार की बीमारियों का निःशुल्क इलाज किया. मरीजों के लिए नेत्र रोग, हड्डी रोग, अर्पेडिक्स, पथरी, मूत्र रोग, स्त्री रोग, बवासीर और बुखार सहित अन्य बीमारियों की जांच एवं उपचार सुविधा उपलब्ध कराई गई. आवश्यक होने पर ऑपरेशन की सुविधा भी प्रदान की जाएगी. इस शिविर को सफल बनाने में चिकित्सा टीम के सदस्य डॉ. संदेश कुमार, डॉ. मनोज सिंह, लैब तकनीशियन अनु सिंह, आर्यंसी सिंह, चांदनी कुमारी, ममता पाल, ममता गुप्ता, दिव्या कुमारी, अंकिता कुमारी, निकल कुमार, अभय कुमार और संजय कुमार की सक्रिय भूमिका रही. ग्रामीणों ने इस पहल को सराहते हुए स्वास्थ्य सेवा के लिए प्रशासन और चिकित्सा टीम का धन्यवाद किया.

साले में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन

महुआडांड़ । साले स्थित संत मिखाएल विद्यालय के मैदान में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामचन्द्र सिंह शामिल हुए, जिनका छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया. विधायक का सम्मान अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया गया. झंडोत्तोलन और परेड समारोह के बाद मशाल प्रज्वलन एवं खेल प्रतिज्ञा के साथ महोत्सव की शुरुआत हुई. छात्रों ने शानदार खेल प्रदर्शन और आकर्षक ड्रिल प्रस्तुत की. मुख्य अतिथि ने खेल की महत्ता, अनुशासन, मेहनत और टीम भावना पर प्रकाश डालते हुए विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया. मौके पर झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, रामनेश ठाकुर, उपप्रमुख अभय मिंज, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष नुरुल हसन, फादर सुरेश, संत मिखाएल विद्यालय की सिस्टर्स, शिक्षक-शिक्षिकाएँ और बड़ी संख्या में स्थानीय दर्शक उपस्थित थे.

ग्रामीणों ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से मांगा न्याय

बालूमाथ (लातेहार) । बालूमाथ प्रखंड के चेतांग पंचायत के ओल्हेपाट में प्रस्तावित कोल वाशरी परियोजना को लेकर जमीन विवाद उभरा है. जमीन के दावेदारों ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के समक्ष न्याय की गुहार लगाई है. प्रतिनिधिमंडल में शामिल नवादा निवासी वीरेंद्र उरांव ने आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा को आवेदन सौंपकर बताया कि मेसर्स ओमकार कोल वॉशरीज प्रा. लिमिटेड द्वारा उनकी जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है. आवेदन में कहा गया कि कुछ दलालों और अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी ऑनलाइन दस्तावेज बनाकर जमीन का एग्रीमेंट कराया गया, जबकि ग्राम सभा और जनसुनवाई बिना स्थानीय मुखिया के आयोजित की गई. ग्रामीणों ने प्रखंड और जिला स्तर के अधिकारियों को भी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. प्रतिनिधिमंडल में आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव ने भी जमीन पर हो रहे अन्याय की जानकारी दी. डॉ. आशा लकड़ा ने आश्वस्त किया कि आयोग गरीब, पीड़ित और शोषित लोगों के न्याय के पक्ष में खड़ा रहेगा. मौके पर दीपक, राजेश और रामकृष्ण उरांव सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे.

केकेआर ने टिम साउदी को बनाया बॉलिंग कोच

कोलकाता । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज टिम साउदी को टाटा आईपीएल 2026 सीज़न के लिए अपना नया बॉलिंग कोच नियुक्त किया है. 700 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट और 15+ वर्षों के अनुभव के साथ साउदी आधुनिक क्रिकेट के सबसे सफल गेंदबाजों में गिने जाते हैं. साउदी पहले भी 2021, 2022 और 2023 में केकेआर के लिए बतौर खिलाड़ी खेल चुके हैं और अपने पेशेवर रवैये तथा युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने के लिए खासे लोकप्रिय रहे हैं. 2025 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यह उनकी पहली बड़ी कोचिंग भूमिका है. केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा कि साउदी का अनुभव और नेतृत्व टीम की बॉलिंग यूनिट को नई दिशा देगा.

फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर: रोनाल्डो को रेड कार्ड से बड़ा झटका

आयरलैंड ने पुर्तगाल को 2-0 से हराया

एजेंसियां । नई दिल्ली

फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में गुरुवार को जबरदस्त उलटफेर देखने को मिला, जब आयरलैंड ने दिग्गज पुर्तगाल को 2-0 से मात देकर पूरे फुटबॉल जगत को चौंका दिया. मैच में निर्णायक मोड़ वह रहा, जब पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर और कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो को खतरनाक फाउल के चलते रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे टीम का संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया. आयरलैंड की जीत के हीरो रहे युवा स्ट्राइकर ट्रॉय पैरट, जिन्होंने पहले हाफ में लगातार दो गोल दागकर मैच की दिशा बदल दी. 17वें मिनट में लियाम स्केल्स के कॉर्नर पर मिली हेडर की शानदार डिलीवरी को पैरट ने गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई. इसके बाद हाफ टाइम से ठीक पहले, बाएं छोर से ड्रिब्लिंग करते हुए पैरट ने दूसरे गोल के रूप में एक बेहतरीन फिनिश दिया, जिससे स्कोर 2-0 हो गया और स्टेडियम में मौजूद दर्शक रोमांच से भर उठे.

दूसरे हाफ में पुर्तगाल ने पूरे दमखम से वापसी करने की कोशिश की, लेकिन 60वें मिनट में मैच पूरी तरह पलट गया. लगातार दबाव से परेशान रोनाल्डो ने आयरलैंड के डारा ओ'शे की पीठ पर कोहनी मार दी. वीएआर समीक्षा के बाद रेफरी ने तुरंत उन्हें सीधा रेड कार्ड दिखाया. यह रोनाल्डो के लिए बड़ा झटका था, जो पहले ही अक्टूबर में आयरलैंड के खिलाफ पेनल्टी मिस कर चुके थे.

क्वालिफिकेशन पर पुर्तगाल की चिंता बढ़ी : इस हार के बावजूद पुर्तगाल ग्रुप एफ में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, लेकिन उनका सीधा विश्व कप टिकट अब रविवार के अंतिम मैच पर निर्भर करेगा. हंगरी 8 अंकों के साथ दूसरे और आयरलैंड 7 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है. यदि रोनाल्डो पर लंबा प्रतिबंध लगता है, तो वह विश्व कप की शुरुआत भी मिस कर सकते हैं, जो पुर्तगाल के लिए बड़ा झटका होगा.

आयरलैंड का अनुशासित खेल: 2002 के बाद पहली बार विश्व कप में वापसी की उम्मीद लिए खेल रही आयरलैंड की टीम ने घरेलू मैदान पर बेहतरीन अनुशासन व आत्मविश्वास दिखाया. कोच हेइमिर हालग्रिम्सन की रणनीति के अनुसार टीम ने शुरुआत में पुर्तगाल के दबाव को झेला और फिर काउंटर-अटैक पर जोरदार प्रहार करते हुए जीत दर्ज की.

लोह कीन यू को हराकर लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में

एजेंसियां । कुमामोटो

कुमामोटो में जारी कुमामोटो मास्टर्स जापान 2025 में भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू को सीधे गेमों में 21-13, 21-17 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. यह मुकाबला कुमामोटो प्रीफेक्चुरल जिम्नेजियम में खेले गए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 टूर्नामेंट का क्वार्टरफाइनल था, जिसमें भारत के युवा शटलर ने 40 मिनट में जीत दर्ज की. लक्ष्य की यह जीत लोह कीन यू के खिलाफ उनके 10 मुकाबलों में सातवीं जीत है. सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन का सामना दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी जापान के केंटा निशिमोटो से होगा, जो एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद बढ़ाता है.

पहले गेम में संतुलित शुरुआत के बाद लक्ष्य ने लगातार छह अंक हासिल कर बढ़त बनाई और फिर अगले 10 में से नौ अंक जीतकर स्कोर 18-9 कर लिया. लोह ने वापसी की कोशिश की, लेकिन लक्ष्य ने गेम को 21-13 से अपने नाम कर लिया. दूसरे गेम में 1-1 की बराबरी पर दोनों के बीच 41 शॉट की लंबी रैली हुई, जिसे लोह ने जीता, लेकिन लक्ष्य जल्द ही नियंत्रण में लौट आए और आठ अंकों की लीड लेकर स्कोर 15-9 कर दिया. बीच में लोह ने अंतर घटाया, पर लक्ष्य ने 42 शॉट की मैराथन रैली सहित निर्णायक अंक जीतकर मैच 21-17 से समाप्त किया. वहीं, एचएस प्रणय दूसरे दौर में डेनमार्क के रस्मस गेम्के से हारकर बाहर हो गए. प्रणय की चोट और बीमारी के चलते लय पहले ही प्रभावित रही है. अब टूर्नामेंट में भारत की चुनौती लक्ष्य सेन पर ही टिकी है.

टेस्ट इतिहास में 16वीं बार जसप्रीत बुमराह ने पारी में लिए 5 विकेट

कोलकाता टेस्ट: पहले दिन का खेल समाप्त, भारत 37/1

- बुमराह ने सिर्फ 27 रन देकर 5 विकेट झटके.
- सिराज और कुलदीप यादव ने समान रूप से 2-2 विकेट.
- भारत मुकाबले 122 रन पीछे है.

एजेंसियां । कोलकाता

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोलकाता के मैदान पर खेले जा रहे टेस्ट मैच का पहला दिन पूरी तरह भारत के पक्ष में रहा. दिन की समाप्ति तक भारतीय टीम ने 1 विकेट के नुकसान पर 37 रन बनाए थे. केएल राहुल 13 और वाशिंगटन सुंदर 6 रन पर नाबाद हैं, जबकि यशस्वी जायसवाल 12 रन बनाकर आउट हुए. दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेंबा बवुमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. एडन मार्करम और रेयान रिकल्टन ने शुरुआती जोड़ी के रूप में टीम को मजबूत आधार दिया और पहले विकेट के लिए 57 रन जोड़े. लेकिन इस जोड़ी के टूटने के बाद दक्षिण अफ्रीका की पारी लड़खड़ा गई और टीम 55 ओवर में 159 रन पर ऑल आउट हो गई. दक्षिण अफ्रीका की पारी में एडन मार्कराम 31 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे. वियान मुल्डर और टोनी डे जॉर्जी ने समान रूप से 24 रन बनाए, जबकि रेयान रिकल्टन ने 23 रन का योगदान दिया. कप्तान टेंबा बवुमा केवल 3 रन बनाकर आउट हुए.

भारतीय गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने 14 ओवर में सिर्फ 27 रन देकर 5 विकेट झटके और टेस्ट करियर में 16वीं बार फाइव विकेट हॉल पूरा किया. इसके अलावा मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने समान रूप से 2-2 विकेट लिए, जबकि अक्षर पटेल को 1 सफलता मिली. भारतीय पारी की शुरुआत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने की. यशस्वी ने आक्रामक शुरुआत की, लेकिन 27 गेंद पर 12 रन बनाकर आउट हो गए. उन्होंने इस दौरान 3 चौके लगाए. इसके बाद केएल राहुल और वाशिंगटन सुंदर ने दूसरे विकेट के लिए 19 रन की साझेदारी निभाई. दोनों बल्लेबाज फिलहाल रक्षात्मक अंदाज में खेल रहे हैं. राहुल 59 गेंद पर 13 रन और सुंदर 38 गेंद पर 6 रन बनाकर नाबाद हैं.

पहले दिन के खेल के बाद भारत दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी के मुकाबले 122 रन पीछे है. दक्षिण अफ्रीका के लिए एकमात्र विकेट मार्को यानसेन ने लिया, जिन्होंने यशस्वी जायसवाल को बोल्ड कर आउट किया. पहले दिन की बल्लेबाजी और गेंदबाजी प्रदर्शन ने भारत को स्थिति में बेहतर बनाया है. जसप्रीत बुमराह की तेज़ गेंदबाजी और भारतीय खिलाड़ियों की संयमित बल्लेबाजी ने टीम को मुकाबले में संतुलन प्रदान किया है. दूसरे दिन भारतीय टीम की कोशिश होगी कि वे दक्षिण अफ्रीका के पहले विकेटों का नुकसान बढ़ा सकें और रन अंतर को कम कर टीम को स्थिति में मजबूत बनाए.

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

वरुण बने तमिलनाडु के कप्तान

एजेंसियां । नई दिल्ली

भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 के लिए तमिलनाडु क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है. यह पहली बार है जब चक्रवर्ती किसी भी स्तर पर कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे. टूर्नामेंट की शुरुआत 26 नवंबर से होगी और तमिलनाडु अपना पहला मुकाबला राजस्थान के खिलाफ खेलेगा. टीम के अनुभवी बल्लेबाज नारायण जगदीसन को उप-कप्तान बनाया गया है. चक्रवर्ती ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन मैचों में 5 विकेट चटकाए थे. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह अब तक भारत के लिए 4 वनडे में 10 विकेट और 29 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 45 विकेट ले चुके हैं. घरेलू स्तर पर भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा है, जिसमें 27 लिस्ट-ए मैचों में 69 विकेट शामिल हैं.

एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025
18 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम घोषित

एजेंसियां । नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप तमिलनाडु 2025 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी. प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित होगा. इस बार भारत को घरेलू दर्शकों का भरपूर समर्थन मिलेगा. टीम की कमान डिफेंडर और ड्रैगफ्लिकर रोहित को सौंपी गई है, जिन्होंने सुल्तान ऑफ जोहोर कप में शानदार प्रदर्शन किया था और भारत को रजत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी. टीम के मुख्य कोच पूर्व भारतीय गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश हैं, जिनके मार्गदर्शन में युवा खिलाड़ियों ने पिछले महीनों में अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल किया है. भारत पूल बी में शामिल है, जहां उसका मुकाबला चिली, स्विट्ज़रलैंड और ओमान से होगा. ओमान की टीम पाकिस्तान की जगह टूर्नामेंट में शामिल हुई है.

रक्षा पंक्ति और गोलकीपर मजबूत: भारत की गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बिक्रमजीत सिंह और प्रिंसदीप सिंह निभाएंगे. डिफेंस में कप्तान रोहित के साथ अनुभवी अमीर अली, जो पिछले जूनियर विश्व कप का हिस्सा रहे थे, टीम की रीढ़ साबित होंगे. इनके अलावा अनमोल एक्का, तालेम प्रियोबार्ता, सुनील पलक्षप्पा बेन्नूर और शारदानंद तिवारी रक्षापंक्ति को मजबूती देंगे. भारतीय डिफेंस को इस टूर्नामेंट में काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि घरेलू परिस्थितियों में टीम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेगी.

मिडफील्ड और फॉरवर्ड लाइन में युवा जोश: मिडफील्ड में अंकित पाल, अडरोहित एक्का, थौनाोजम इंगलेम्बा लुवांग, मनमीत सिंह और रोसन कुजुर शामिल हैं. तेज पासिंग और गेंद पर नियंत्रण की क्षमता के कारण भारतीय मिडफील्ड काफी संतुलित नजर आता है. फॉरवर्ड लाइन की जिम्मेदारी सौरभ आनंद कुशवाहा, अर्शदीप सिंह, अजीत यादव, दिलराज सिंह और गुरजोत सिंह के कंधों पर होगी. खासतौर पर गुरजोत सिंह महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं, जिन्होंने पिछले वर्ष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में सीनियर डेब्यू किया था और शानदार प्रदर्शन किया था.

टीम को बड़ा झटका, अराइजित सिंह हुंदल बाहर: भारत को इस विश्व कप में अपने प्रमुख स्ट्राइकर अराइजित सिंह हुंदल की कमी खलेगी, जो कंधे की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं. उनकी अनुपस्थिति टीम के अटैक पर प्रभाव डाल सकती है, लेकिन कोच श्रीजेश को उपलब्ध खिलाड़ियों की क्षमता पर पूरा भरोसा है.

कोच श्रीजेश का भरोसा और लक्ष्य: कोच श्रीजेश ने कहा कि टीम का चयन पूरी तरह अनुभव, फिटनेस, कौशल और दबाव में खेलने की क्षमता के आधार पर किया गया है. उन्होंने बताया कि टीम ने सीनियर खिलाड़ियों के साथ भी नियमित अभ्यास मैच खेले हैं, जिससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है. उनका लक्ष्य घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करना और खिताब जीतना है. रवनीत सिंह और रोहित कुल्लू को रिजर्व खिलाड़ियों के रूप में चुना गया है.

पारी और 47 रन से जीता बांग्लादेश, हसन जॉय चमके

नई दिल्ली । बांग्लादेश ने सिलहट में खेले गए पहले टेस्ट में आयरलैंड को पारी और 47 रन से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली. इस मुकाबले में महमूदुल हसन जॉय ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 171 रन बनाए और 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए. उनकी पारी ने बांग्लादेश की विशाल बढ़त की नींव रखी. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत खराब रही. कप्तान एंड्रयू बालबर्नी बिना खाता खोले आउट हुए. इसके बाद पॉल स्टर्लिंग (60) और कैड कारमाइकल (59) ने 96 रनों की साझेदारी कर टीम को संभाला. मध्यक्रम में कर्टिस कैम्फर ने 44 और लॉरेन टकर ने 41 रन जोड़े, लेकिन पूरी टीम 286 रन पर ढह गई. बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 3, जबकि हसन महमूद, तैजुल इस्लाम और हसन मुराद ने 2-2 विकेट लिए. जवाब में बांग्लादेश ने 587/8 पर पारी घोषित की. महमूदुल ने शादमान इस्लाम (80) के साथ पहले विकेट के लिए 168 रन जोड़े. इसके बाद मोमिनुल हक (82) के साथ 173 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने भी शानदार 100 रन जोड़े.

एशियन आर्चरी चैंपियनशिप : भारत की कुल पदक संख्या हुई छह

भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने जीता स्वर्ण

एजेंसियां । ढाका

ढाका में जारी एशियन आर्चरी चैंपियनशिप में भारत की पुरुष रिकर्व टीम ने शुक्रवार को इतिहास रचते हुए दिग्गज कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया.यशदीप भोगे, अतनु दास और राहुल की तिकड़ी ने रोमांच से भरे फाइनल में कोरिया के सियो मिंगी, किम येचान और जांग जीहो को शूट-ऑफ में 5-4 से मात दी.यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि कोरिया पिछले छह संस्करणों से लगातार स्वर्ण पर कब्जा जमाए हुए था. मुकाबला शुरुआत से ही बेहद कड़ा रहा.पहले दो सेट 56-56 की बराबरी पर समाप्त हुए, जिससे दोनों टीमों की सटीकता और दबाव में प्रदर्शन साफ झलक रहा था.तीसरे सेट में भारत के कुछ तीर उम्मीद से कम स्कोर पर लगे—चार 8, एक 9 और एक 10—जिसका फायदा कोरिया ने उठाया और 57-51 से सेट जीतकर कुल स्कोर 4-2 कर लिया.इस स्थिति में कोरिया केवल बराबरी से भी लगातार सातवां स्वर्ण जीत सकता था.

लेकिन चौथे सेट में मैच ने रोमांचक मोड़ लिया.कोरियाई तीरंदाजों के दो खराब तीर—एक 7 और एक 8—ने भारत को वापसी का मौका दे दिया.भारतीय टीम ने शानदार एकाग्रता के साथ 57 अंक जुटाए, जबकि कोरिया 53 पर सिमट गया.स्कोर 4-4 होने के साथ मुकाबला शूट-ऑफ में पहुंचा, जहां नतीजा केवल सटीकता पर निर्भर था. शूट-ऑफ में दोनों टीमों ने दो 10 और एक 9 के साथ 29-29 का स्कोर बनाया, लेकिन निर्णायक पल भारत के पक्ष में रहा.नियमों के अनुसार, जीत उस टीम को मिलती है जिसका तीर केंद्र के सबसे करीब हो, और भारतीय तीरंदाजों का तीर केंद्र बिंदु के अधिक नजदीक था.इस प्रकार भारत ने कोरिया की बादशाहत तोड़ते हुए बहुप्रतीक्षित स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया.

मिक्स्ड टीम में चौथे स्थान से संतोष: मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत को ब्रॉन्ज मेडल मैच में कोरिया की जांग मिनही और सियो मिंगी की जोड़ी से 0-3 की हार मिली.पहले सेट में कोरिया ने 38-35 से बढ़त ली.दूसरे सेट में भारत ने कड़ा मुकाबला किया लेकिन कोरिया ने 38-37 से जीत बचाई.तीसरे सेट में कोरिया ने 39-34 से मैच पर कब्जा जमाया और भारत को चौथे स्थान पर रोक दिया.

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई

छोटेलाल उरांव
अध्यक्ष
भाजपा एसटी मोर्चा गुमला

झारखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती सह जन जातीय गौरव दिवस पर बधाई

संजीव उर्वशी
समाज सेवी सह उर्वशी सेल पालकोट रोड गुमला

झारखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती सह जन जातीय गौरव दिवस पर बधाई

सरयू प्रसाद
पूर्व अध्यक्ष
चेंबर आफ कामर्स गुमला

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर बधाई

विजय कुमार सिंह
संयोजक
झारखंड नव निर्माण दल, गुमला

झारखंड स्थापना रजत जयंती सह बिरसा मुंडा की जयंती पर हार्दिक बधाई

प्रो. तेतरु उरांव
सहायक प्राध्यापक
कुड़ुख विभाग कार्तिक उरांव कालेज गुमला

भगवान बिरसा मुंडा को शत शत नमन, झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर गुमला वासियों को बधाई

राजनील तिग्गा
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी गुमला

भगवान बिरसा मुंडा को शत शत नमन झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर हजारीबाग वासियों को बधाई

मनोज यादव
कांग्रेस मीडिया प्रभारी चौपारण

भगवान बिरसा मुंडा को शत शत नमन झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर हजारीबाग वासियों को बधाई

मो अबूतलहा आलम (मोनू अख्तर)
आजसू जिला सचिव हजारीबाग

भगवान बिरसा मुंडा को शत शत नमन, झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर हजारीबाग वासियों को बधाई

सरोज सिंह चौधरी
थाना प्रभारी चौपारण

भगवान बिरसा मुंडा को शत शत नमन, झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर हजारीबाग वासियों को बधाई

अजय प्रजापति
जिला अध्यक्ष
कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ, हजारीबाग

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई

मंगल सिंह भोगता
समाजसेवी सह अध्यक्ष
खरवार भोगता समाज विकास संघ
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

गुमला। जिले में मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है. थाना क्षेत्र की 52 वर्षीय महिला के साथ 21 अक्टूबर को उसके बड़े बेटी के घर जाने के दौरान दुष्कर्म की घटना हुई. पुलिस के अनुसार, आरोपी अशोक लोहरा, जो महिला का परिचित है, ने इस कृत्य को अंजाम दिया. जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की. शुक्रवार को सिसई थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस ने कहा कि आरोपी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी. स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर चिंता जताई है और सुरक्षा को लेकर प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है. पुलिस ने आश्वासन दिया कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

नगर भाजपा की बैठक में संभावित निकाय चुनाव पर चर्चा

शुभम संदेश। गुमला

भारतीय जनता पार्टी की नगर कमेटी की बैठक शुक्रवार को नगर अध्यक्ष बबलू वर्मा की अध्यक्षता में दुंदुरिया स्थित रॉक गार्डेन में आयोजित हुई. बैठक में आगामी निकाय चुनाव को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने विचार साझा किए और आगामी चुनावों में पार्टी समर्थित उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की. बैठक में जिला महामंत्री यशवंत कुमार सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी निकाय चुनाव को एक चुनौती के रूप में लिया जाए. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस बार पार्टी का उम्मीदवार सर्वसम्मति से कार्यकर्ताओं द्वारा चयनित किया जाएगा. यशवंत ने कार्यकर्ताओं से संगठन हित में अपनी भूमिका निभाने की अपील करते हुए कहा, "पार्टी की सफलता के लिए हमें स्थानीय स्तर पर मिलकर काम करना होगा. हमें पुराने चुनाव परिणामों से सीख लेकर अब पूरी तरह से तैयार रहना होगा." बैठक में अन्य नेताओं ने भी गुमला में भाजपा की स्थिति पर चर्चा की. सत्यनारायण पटेल, नगर मंत्री शंभु सिंह, किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भोगता और पूर्व वार्ड पार्षद कृष्ण कुमार मिश्रा ने भी अपने विचार रखे. उन्होंने बताया कि भाजपा गुमला में एक मजबूत पार्टी है, लेकिन कुछ चूकों के कारण पार्टी के पास न तो सांसद है और न ही विधायक. इसके अलावा नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद भी भाजपा के पास नहीं हैं. इस बार कार्यकर्ताओं को पहले से ज्यादा मेहनत करनी होगी ताकि चुनाव परिणाम में पुनरावृत्ति न हो. बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि आगामी चुनावों में एकजुट होकर भाजपा को जीत दिलाएंगे और कोई भी चूक नहीं होने देंगे. उम्मीदवारों के चयन में पार्टी कार्यकर्ताओं की सहमति महत्वपूर्ण होगी और उर्जावान कार्यकर्ताओं को ही उम्मीदवार बनाया जाएगा. बैठक में रमेश राम, बालकेश्वर सिंह, संदीप प्रसाद, विकास कुमार सिंह, प्रवीण प्रधान, कौशलेंद्र जमुआर, संतोष सिंह, श्याम गुप्ता, विनोद गुप्ता, राजेश गुप्ता, अजित कुमार समेत कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे.

मासूम की हत्या के जुर्म में आरोपी को भेजा गया जेल

गुमला। खलिहान से उठाकर मूंगफली खाने के जुर्म में मासूम नीलेश महतो हत्याकांड मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी घोघा खड़िया को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया. ज्ञात हो कि सात वर्षीय नीलेश को किसान घोघा खड़िया ने पिछले शुक्रवार को खलिहान में सूखा रहे मूंगफली उठा कर खाने के कारण बेरहमी से पीटकर और पेड़ में पटक कर उसके घायल कर दिया था. जिसका इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई. मृतक के परिजनों की शिकायत पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने घोघा खड़िया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

ग्राहक सेवा केंद्र में अवैध वसूली बंद कराने की मांग

गुमला। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बिशुनपुर के ग्राहक सेवा केंद्र और एयरटेल पेमेंट बैंक में अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है. इस संबंध में ग्राहक चंद्रेश उरांव ने प्रखंड विकास पदाधिकारी बिशुनपुर को आवेदन सौंपकर बनारी स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के नीचे दानिश मंजर नामक एक सीएसपी एवं एयरटेल पेमेंट बैंक के संचालक द्वारा ग्राहकों से अवैध वसूली की शिकायत की है. कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र से लोग प्रत्येक दिन बैंक में पैसा जमा निकासी एवं केवाईसी के लिए आते हैं, उनसे पैसा निकासी के नाम से एवं जमा करने एवं फॉर्म भरने के नाम से अवैध मनमर्जी वसूली की जाती है. ग्राहकों ने इस तरह की अवैध वसूली बंद कराए जाने की बीडीओ से मांग की है.

एसएसवीएम में मनाई गई जनजातीय गौरव दिवस

गुमला। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर (एसएसवीएम) बड़की चांपी में 14 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस की पूर्व संध्या उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई. इस अवसर पर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन से की गई. प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने भैया बहनों को जनजातीय गौरव दिवस के महत्व के बारे में बताया और आदिवासी नायकों जैसे भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, तिलका मांझी के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को याद किया. उन्होंने कहा कि हमें अपनी परंपराओं को संजोना और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना चाहिए. इस दौरान विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित अभिभाषण प्रस्तुत किए. समापन में राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

पंडित जवाहरलाल नेहरु की मनाई गई 125वीं जयंती

गुमला। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 125वीं जयंती शुक्रवार को गुमला में श्रद्धा और सम्मान के साथ लोहरदगा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई. पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. श्रद्धांजलि देने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजनील तिग्गा, दीप नारायण उरांव, प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, रोहित उरांव, रफी अली, जय सिंह, रूपेश कुमार, ब्रजकिशोर उरांव, रमेश उरांव, मंसूर खान, जोय कुजूर, हर्ष राज एक्का आदि शामिल थे. जिला अध्यक्ष ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू केवल भारत के पहले प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माता और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षक के रूप में याद किया.

बैठक का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक उन्नयन: अवनीश

गुमला। विद्या भारती के अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में आरंभ दो दिवसीय प्रधानाचार्य बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालय व्यवस्था पर चर्चा की गई. विद्या भारती के उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्यों का दो दिवसीय बैठक का मुख्य उद्देश्य शून्य नवाचार और शैक्षणिक उन्नयन है. कहा गया कि विद्या भारती केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं बल्कि इसे समाज जागरण का माध्यम है और राष्ट्र के नव निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होता है. उन्होंने शून्य निवेश नवाचार के महत्व पर जोर दिया. कहा कि बच्चों को सिखाने के लिए हमारे चारों ओर मौजूद साधारण सामग्रियों का उपयोग किया जा सकता है.

बाल दिवस पर बच्चों में वितरित किए गए नए वस्त्र

नामकुम। बाल दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने बरगवां में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों के बीच नए वस्त्र वितरित किए. इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को पठन-पाठन सामग्री और अन्य आवश्यक सामान भी उपलब्ध कराया. कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों के साथ समय बिताते हुए मनोज कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को नई किताबें, वस्त्र और सामग्री प्रदान करना मन को गहरी संतुष्टि देता है. उन्होंने यह भी कहा, "बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखकर जो सुकून मिलता है, वह किसी भी सेवा कार्य का सबसे बड़ा पुरस्कार है." मनोज कुमार सिंह ने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों तक सहायता पहुंचाना प्रत्येक नागरिक का सामाजिक दायित्व बताया और इसी भावना के तहत बाल दिवस पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुखिया अनिता तिर्की, आशा देवी, सुधा तिर्की, पूनम देवी सहित बड़ी संख्या में बच्चे और उनके अभिभावक उपस्थित थे. सभी ने इस पहल की सराहना की और मनोज कुमार सिंह के सामाजिक योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया.

धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में ट्रक मालिक संघों की बैठक संपन्न

हिंडाल्को कंपनी पर लगाया मनमानी करने का आरोप

शुभम संदेश। लोहरदगा

थाना रोड स्थित साहू सदन में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में ट्रक मालिक संघों की संयुक्त बैठक संपन्न हुई. बैठक में लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन, पाखर लोहरदगा ट्रक ऑनर एसोसिएशन और पाखर रिचुघूटा ट्रक ऑनर एसोसिएशन (आदर्श मोटर समिति) के पदाधिकारी शामिल हुए.

बैठक में सभी पदाधिकारियों ने धीरज प्रसाद साहू को बताया कि पिछले कई दिनों से हिंडाल्को कंपनी द्वारा सभी माइंस में जबरदस्ती नए ट्रक नंबर लगाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है. इसके चलते कई पदाधिकारी परेशान हैं. उन्होंने बताया कि हाल ही में पाखर रिचुघूटा माइंस में दो नए ट्रकों को लोडिंग के लिए भेजा गया था, लेकिन संघ के विरोध के बाद दो दिन बाद उन्हें वापस बुला लिया गया. सभी संघों ने स्पष्ट किया कि 2022 के बाद नए नंबर नहीं लगेंगे और इस निर्णय पर संगठन दृढ़ है. उन्होंने कहा कि वर्तमान में सभी माइंस में ट्रकों की भरमार है और ट्रक महीने में 2, 4 या 8 ट्रिप में काम कर रहे हैं. ऐसे में हिंडाल्को कंपनी की मनमानी और "फूट डालो और राज करो" की नीति संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा. बैठक को संबोधित करते हुए धीरज प्रसाद साहू ने हिंडाल्को को चेतावनी दी कि यदि कंपनी अपनी मनमानी जारी रखती है तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने स्पष्ट किया कि एसोसिएशन और ट्रक मालिक जो निर्णय लेंगे वही लागू होगा.

उन्होंने कहा कि माइंस और ट्रक व्यवसाय से सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से तीन जिलों के लगभग एक लाख लोग जुड़े हैं, इसलिए इस "लाइफ लाइन" को बचाना प्राथमिकता है. बैठक में लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, सलाहकार समिति के वरिष्ठ सदस्य संतोष साहू, सचिव मुद्रिका यादव, कोषाध्यक्ष अभय सिंह, उपाध्यक्ष बरज सिंह, रहमत अंसारी, मोहम्मद बबलू, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, तारिक खान, मुन्ना खान, प्रदीप कुमार, शंकर प्रजापति, शशि कुमार वर्मा, महेंद्र कुमार, वासिफ क्यूम, संदेश कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे. पाखर रिचुघूटा ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुदूस अंसारी और अन्य सदस्य भी मौजूद थे. धीरज प्रसाद साहू ने प्रशासनिक अधिकारियों से भी बात की और उन्हें माइंस में ट्रक संचालन में आ रही परेशानियों से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि ट्रक व्यवसाय के बिना क्षेत्र की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी. उन्होंने सभी संघों और ट्रक मालिकों को आश्वस्त किया कि किसी भी परिस्थिति में उनकी सुरक्षा और हित की रक्षा की जाएगी. बैठक का समापन यह संदेश देकर हुआ कि हिंडाल्को को अब फूट डालो और राज करो नीति नहीं अपनानी चाहिए, और यदि कंपनी अपनी मनमानी नहीं छोड़ेगी तो सभी माइंस और ट्रक एक साथ बंद कर दिए जाएंगे.

झारखंड राज्य निर्माण के 25 वर्ष: राज्य में विकास के कदम उठाए गए पर कई सपने अब भी हैं अधूरे

लोहरदगा। झारखंड राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने पर, आंदोलनकारियों ने अपने विचार और अपेक्षाएं खुलकर व्यक्त की. उन्होंने राज्य की विकास यात्रा पर संतोष तो जताया, लेकिन कई मुद्दों को लेकर निराशा भी जाहिर की. उनका मानना है कि राज्य में विकास के कदम उठाए गए हैं, लेकिन कई मूलभूत सपने अब भी अधूरे हैं, जिन्हें साकार करना बाकी है. झारखंड आंदोलनकारी महासभा के लोहरदगा जिला अध्यक्ष, अनिल कुमार भगत ने कहा कि झारखंड का गठन केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि यह वर्षों के संघर्ष का परिणाम है.

तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

नामकुम। नवयुवक संघ टाटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ. इस प्रतियोगिता में आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें जूनियर टाटी, लेजेंड फुटबॉल क्लब, अमर ज्योति सांखे टोली, केपीएल, अनाया स्पोर्टिंग कोकर, बेरवाड़ी फुटबॉल क्लब, एचजेडबी-चतरा फुटबॉल क्लब और मासू फुटबॉल क्लब शामिल हैं. पहले दिन समूह-क के मुकाबले खेले गए, जिसमें अनाया स्पोर्टिंग कोकर और केपीएल ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया. टाटी के मुखिया कृष्ण पाहान ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया.

फुटबॉल: लोहरदगा ने गढ़वा को 5-1 से हराया

लोहरदगा। जिला फुटबॉल संघ लोहरदगा के तत्वाधान में आयोजित अंतर जिला फुटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला आज नदिया स्कूल मिनी स्टेडियम में खेला गया. लोहरदगा और गढ़वा की टीमों के बीच हुए रोमांचक मैच में लोहरदगा ने गढ़वा को 5-1 से पराजित कर अपने जोन का विजेता बनने का गौरव हासिल किया. मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया. उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, मेहनत और लगन के साथ खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया. अभिनव सिद्धार्थ ने कहा कि अंतर जिला फुटबॉल चैंपियनशिप खेलकर युवा अपनी मंजिल तक आसानी से पहुंच सकते हैं.

बाल दिवस पंडित नेहरू के प्रति श्रद्धांजलि और बच्चों के प्रति प्रेम और समर्पण का प्रतीक: प्रेमलता

रांची। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में शुक्रवार को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या प्रेमलता कुमारी ने पंडित नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की. इस मौके पर उन्होंने कहा कि बाल दिवस पंडित नेहरू के प्रति श्रद्धांजलि और बच्चों के प्रति प्रेम और समर्पण का प्रतीक है. यह दिन बच्चों को खुशी और उत्साह देने के साथ उनके मनोबल को भी बढ़ाता है. कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने 'भारत देश महान है हम सब इसकी संतान हैं' शीर्षक गीत प्रस्तुत किया, जिसमें उनका उत्साह देखने लायक था. इसके साथ ही, बच्चों ने चाचा नेहरू के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डाला. मनोरंजन और कौशल विकास के लिए बच्चों को फिल्म सितारे जमीन पर देखने का अवसर दिया गया और कई संस्थाओं का भ्रमण भी कराया गया. इस अवसर पर शिक्षक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे, और सभी ने बाल दिवस की खुशियों को साझा किया. इस कार्यक्रम ने बच्चों के मन में राष्ट्र प्रेम और सकारात्मक सोच को और प्रगाढ़ किया.

एक नजर

सोनाहातू में राज्य स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम

सोनाहातू। झारखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर प्रखंड के सभी 64 महिला ग्राम संगठनों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सखी मंडल की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. इस अवसर पर महिलाओं के बीच लैंगिक समानता, बाल विवाह निषेध, डायन प्रथा उन्मूलन और महिलाओं के खिलाफ हिंसा जैसी गंभीर सामाजिक समस्याओं पर जागरूकता बढ़ाने के लिए चर्चा आयोजित की गई. कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने झारखंड राज्य की 25 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा को याद किया और शहीद भगवान बिरसा मुंडा के अदम्य साहस, संघर्ष और बलिदान को नमन किया.

अवैध बालू लदा हाईवा किया जब्त, चालक फरार

गुमला। अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध चल रहे सतत कार्रवाई के तहत गुरुवार की शाम साज बजे जिला खनन पदाधिकारी एवं खान निरीक्षक, गुमला ने सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसई–बसिया रोड पर लकेया गांव में बालू लदा हाइवा को जब्त किया है. उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ निरंतर कार्रवाई हो रही है. गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी और खान निरीक्षक ने अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ औचक छापामारी अभियान चलाया. सिसई बसिया रोड में हाइवा को रोकने का प्रयास किया गया तभी हाइवा चालक ने लकेया के पास वाहन खड़ा कर भाग गया. वाहन जांच के क्रम में हाईवा में लगभग 550 घनफीट बालू लदा पाया गया तथा वाहन पर बालू परिवहन से संबंधित कोई वैध चालान उपलब्ध नहीं था.

पड़हा समाज की पंचायत स्तरीय कमेटी गठित

गुमला। प्रखंड के बृंदा पंचायत भवन में गुरुवार को पड़हा समाज की बैठक हुई जिसमें पंचायत स्तरीय कमेटी मूली पड़हा का गठन किया गया. गठित कमेटी में अध्यक्ष बेल (पड़हा राजा) मुकेश लोहरा, सचिव देवान (पड़हा देवान) श्री लालू उरांव, सूचना मंत्री कोटवार (भंडारी) अघना खड़िया, कोषाध्यक्ष. रकम उर्वस मरियाना खाखा, शुद्धिकर्ता करटाहा श्री कोल्हा पाहन, चडरा उरांव न्यायकर्ता कहतो श्रीमती सीता उरांव पंच सुनीता उरांव, सीतामुनी, प्रवीण प्रधान, समत राम उरांव, सुरजी उराइन, कोयनारा राजस्व ग्राम के लिए देवान - सुखसारन मिंज, रकम उर्वस - फूलों देवी, बेल दुखन पाहन, कोटवार - चैतु खड़िया, कहतो - सुमति उरांव, उपरकम उर्वस जॉनी उरांव, उप देवान - ननकु उरांव, पंच - सुशीला खड़ियाइन, किरण कुजूर, चमन उरांव, करटाहा शनिचर खड़िया, सोमरा खड़िया, पंच - दुलू (शनिचर खड़िया) का चयन सर्वसम्मति से किया गया.

बिरसा मुंडा गौरव दिवस पर मनाया दीप उत्सव

लोहरदगा। भगवान बिरसा मुंडा गौरव दिवस की 150वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नगर मंडल द्वारा गुरुवार को विशेष सेवा पखवाड़ा और दीप उत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की. यह आयोजन 13 नवंबर से 16 नवंबर तक चलने वाले पार्टी के सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत किया गया. कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शंख नदी स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया और दीप प्रज्वलन कर आदिवासी समाज के महान नेता और स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की. दीपों की रोशनी से पूरा स्थल आलोकित हो गया और वहां उपस्थित लोगों ने देशभक्ति एवं जनसेवा की भावना का अनुभव किया. पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने इस अवसर पर कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे, बल्कि आदिवासी समाज के गौरव, जननायक और सामाजिक न्याय के प्रतीक भी थे.

यह जनादेश विचार-मंथन की मांग करता है: विजय

गुमला। ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी और झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह जनादेश देश में लोकतांत्रिक दलों और विचारधारा के लोगों के लिए गहन विचार और आत्ममंथन का विषय है. उन्होंने कहा कि इस चुनाव परिणाम से यह संकेत मिलता है कि आज बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जनता के साथ हो रहे अन्याय-त्याचार चुनावी मुद्दों के रूप में पर्याप्त रूप से उभर कर सामने नहीं आए. सिंह ने आगे कहा कि जनता का मत केवल राजनीतिक समीकरणों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर भी चुनावी निर्णय प्रभावित हुए हैं.

बिहार में एनडीए की जीत पर गुमला में जश्न

गुमला। बिहार विधान सभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की भारी बहुमत से हुई जीत पर गुमला के भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार की शाम गुमला के शहीद टावर चौक में जमकर आतिशबाजी की और मिठाई बांट कर विजय उत्सव मनाया. भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भारत माता की जय, एनडीए गठबंधन जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद और जय श्री राम का नारा लगा रहे थे. आतिशबाजी करने में जिला भाजपा के महामंत्री सत्यनारायण पटेल, यशवंत सिंह, सविंद्र कुमार सिंह, मंगल सिंह भोगता, निर्मल गोयल, संजीव गुप्ता, संदीप प्रसाद, विकास कुमार सिंह, अनिकेत कुमार, राजेश कुमार सिंह, कौशलेंद्र जमुआर, हरिहर साहु, शंभु सिंह, अजित कुमार आदि शामिल थे.

सामूहिक दुष्कर्म मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

गुमला। घाघरा पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के पांच आरोपियों को गिरफ्तार को जेल भेज दिया है. इस संबंध में थानेदार पुनीत कुमार मिंज ने बताया कि बीते 11 नवंबर की रात्रि गांव के ही पांच लोगों ने मिलकर एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था. पीड़िता के भैंसूर ने अपने चार दोस्तों के साथ शराब पिया और कुछ शराब लेकर पीड़िता के घर गया. घर में बैठकर सभी ने शराब पिया और महिला के सामूहिक दुष्कर्म किया. जिसके बाद पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने मायके में दिया मायके के लोग पीड़िता को लेकर घाघरा थाना पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी.

इटकी दरहाटांड़ स्थित शंकरी उच्च विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का किया प्रदर्शन

शुभम संदेश। इटकी

इटकी प्रखंड पश्चिमी पंचायत के ग्राम दरहाटांड़ स्थित शंकरी उच्च विद्यालय में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने दीप प्रज्वलित और फीता काटकर किया. विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शनी में इकोसिस्टम, इवोल्यूशन ऑफ मनी, मिट्टी का निर्माण, ज्वालामुखी उदगार, किंग ऑफ हार्ट्स, रदरफोर्ड मॉडल, वॉटर साइकिल, डे एंड नाइट मॉडल और ह्यूमन स्केलेटन सहित कई विषयों को बड़े आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया. विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल दर्शकों का ध्यान खींचते रहे. खास तौर पर नौरीन प्रवीण द्वारा तैयार किया गया स्मार्ट शू मॉडल प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रहा. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया. मौके पर बीडीओ सह सीओ मो अनीस, थाना प्रभारी मनीष कुमार, मुखिया निर्मला भेंगरा, एसआई विवेक दुबे, प्रधानाध्यापिका नीलिमा कुजूर, रूपा, संजय कुमार, दीपक कुमार, नैय्यर आलम, रोहित कुमार सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे. इसी क्रम में, इटकी क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में भी बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया. विवेकानंद पब्लिक स्कूल और सेवन स्टार अकादमी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेलकूद में भाग लेकर दिन को यादगार बनाया. विद्यालय और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि बच्चों को विज्ञान और शिक्षा के प्रति प्रेरित किया जाए. इस आयोजन से न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच मिला, बल्कि समुदाय में विज्ञान और शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ी.

संत कोलंबस स्कूल, मुर्गू में बाल दिवस हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया

शुभम संदेश। रांची

सेंट कोलंबस स्कूल, मुर्गू, रातू, रांची में बाल दिवस हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया. पूरे विद्यालय परिसर में बच्चों की हँसी, रंग-बिरंगी गतिविधियाँ और उत्साहपूर्ण माहौल दिखाई दिया. कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई. शिक्षकों ने बच्चों के प्रति उनके प्रेम, उनके विचार और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला. इसके बाद नर्सरी से कक्षा 2 तक के छात्रों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई. बच्चों ने राष्ट्रीय नायकों, समुदाय सहायकों, फल-फूल और कार्टून किरदारों का रूप धारण कर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया. विद्यालय में म्यूज़िकल चेयर, नींबू-चम्मच दौड़, गुब्बारा फोड़ और हुला-हूप रन जैसी खेल प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. उनकी उत्साही भागीदारी से पूरे वातावरण में आनंदमय माहौल बना रहा. कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने सांस्कृतिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे स्कूल प्रांगण तालियों और संगीत से गूंज उठा. प्रधानाचार्य श्री अभिनव आर्या ने कहा, "बच्चे हमारे विद्यालय की ऊर्जा और प्रेरणा हैं. उनका उत्साह और रचनात्मकता स्कूल को जीवंत बनाती है. हम उनके सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं." कार्यक्रम का समापन मिठाइयों के वितरण और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ.

बिहार चुनाव : महागठबंधन की ये 5 गलतियां पड़ी भारी

भाजपा बड़ी पार्टी बनकर उभरी एनडीए ने ऐतिहासिक बाजी मारी

संवाददाता । पटना

बिहार चुनाव के अब तक के रुझानों से साफ हो गया है कि राज्य में एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश मिला है, जबकि महागठबंधन हाशिए पर सिमट गया है. तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाकर मैदान में उतरे महागठबंधन ने कई ऐसी रणनीतिक गलतियाँ कीं, जिनकी भरपाई करने में उसे लंबे समय का इंतजार करना पड़ सकता है. जिस वापसी की उम्मीद महागठबंधन को इस चुनाव में थी, वह पूरी तरह टूट गई. ऐसे में यह समझना जरूरी हो जाता है कि आखिर किस स्तर पर यह गठबंधन चूक गया.

महागठबंधन की बड़ी गलतियां

1 कांग्रेस का 'वोट चोरी' को मुद्दा बनाना भारी पड़ा

कांग्रेस ने बिहार चुनाव में वोट चोरी को बड़ा मुद्दा बनाया. पहले चरण की वोटिंग से ठीक एक दिन पहले राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एनडीए पर वोट चोरी का आरोप लगाया. दरभंगा में "वोट यात्रा" के दौरान उनके मंच से प्रधानमंत्री की मां के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी भी की गई, जिसे भाजपा ने बड़ा मुद्दा बनाते हुए कांग्रेस से माफी की मांग की.

2 वोटर लिस्ट संशोधन पर बेअसर विवाद

महागठबंधन ने वोटर लिस्ट में संशोधन (एसआईआर) को भी चुनावी मुद्दा बनाकर बड़ा शोर मचाया, लेकिन मामला कोर्ट जाने के बाद यह विरोध धीमा पड़ गया. जनता इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले पाई. सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी एसआईआर को "महागठबंधन को हराने की साजिश" बताया, लेकिन यह रणनीति असरहीन रही.

3 अवास्तविक और बढ़ा-चढ़ाकर किए गए वादे

एक तरफ नीतीश कुमार की 20 साल पुरानी योजनाओं की गारंटी थी, वहीं दूसरी ओर तेजस्वी यादव के अव्यावहारिक वादे. तेजस्वी ने हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, जीविका दीदी को 3,000 की जगह 10,000 रुपये देने जैसे कई वादे किए, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं था. जनता ने इन वादों को अविश्वसनीय माना और स्थिरता व भरोसे के नाम पर एनडीए को प्राथमिकता दी.

4 एनडीए के खिलाफ नकारात्मक अभियान

विपक्ष ने पूरे चुनाव अभियान में एनडीए के खिलाफ नकारात्मक कैंपेन चलाया. प्रधानमंत्री मोदी को "भ्रष्टाचार का भीष्म पितामह" तक कहा गया. जनता ने इसे अत्यधिक नकारात्मक राजनीति मानकर पसंद नहीं किया, खासकर तब जब नीतीश कुमार पिछले दो दशकों से राज्य की सत्ता में स्थिर चेहरा रहे हैं. इस रणनीति ने महागठबंधन को लाभ पहुंचाने के बजाय नुकसान ही किया.

5 तेजस्वी को सीएम चेहरा घोषित करना

महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन लालू यादव के "जंगल राज" वाले पुराने दौर को सत्ताधारी दल ने बार-बार जनता के सामने रखा. तेजस्वी की छवि पर लालू का यह पुराना बोझ भारी पड़ गया और जनता ने जोखिम लेने के बजाय एनडीए को सुरक्षित विकल्प माना.

बिहार के लोगों ने विपक्षी महागठबंधन के जंगलराज को पूरी तरह से नकारा: नड्डा

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आने लगे हैं. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में 200 से

सीटों से अधिक सीटों पर जीत की ओर अग्रसर है. इसमें अकेले भारतीय जनता पार्टी 92 सीटों पर जीत की ओर अग्रसर है. बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनता को बधाई दी है. उन्होंने विपक्षी महागठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए नड्डा ने कहा कि बिहार के लोगों ने विपक्षी गठबंधन के जंगलराज और भ्रष्टाचार को पूरी तरह से नकार दिया है.

बिहार विस चुनाव में मोदी-नीतीश की जोड़ी हिट : शाहनवाज हुसैन

पटना । भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने राजग को रूझान में मिल रही 197 सीट और

महागठबंधन को 40 सीट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि बिहार में मोदी-नीतीश की जोड़ी हिट है .जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों पर पुनः भरोसा जताया है. उन्होंने कहा कि बिहार का यह चुनाव परिणाम तथाकथित सेक्युलर पार्टियों के लिए आखिरी होगा.

जीत से एनडीए व मोदी पर लोगों का विश्वास एक बार फिर साबित हुआ : पवन कल्याण

अमरावती। जन सेना प्रमुख और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कहा कि बिहार चुनाव में जीत के साथ

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोगों का विश्वास एक बार फिर साबित हुआ है. पवन कल्याण ने कहा कि देश की जनता का मानना है कि भारत का विकास केवल मोदी के नेतृत्व में ही संभव है. उन्होंने इस जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी. उन्होंने कहा कि लंबे समय से राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत नीतीश कुमार के प्रति बिहार के लोगों की प्रशंसा कम नहीं हुई है.

जहां-जहां राहुल गांधी जाते हैं, वहां-वहां भाजपा जीतती है : डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा

एजेंसी । गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जहां भी चुनाव प्रचार के लिए जाते हैं, वहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत लगभग तय हो जाती है.

एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार चुनाव में भी यही देखने को मिला. उन्होंने राइजर दल के प्रमुख अखिल गोगोई

पर भी कटाक्ष करते हुए कहा, "जहां अखिल गोगोई रहते हैं, वहां स्थिति ऐसी हो जाती है जैसे दूध में नमक पड़ जाए." मुख्यमंत्री सरमा ने आगे कहा कि विपक्ष "होटल लीली" में समय बिताता है, जबकि भाजपा जनता के बीच रहकर काम करती है.

वहीं बिहार में भाजपा गठबंधन की हुई भारी जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्घेरीटा ने कहा कि जैसे बिहार की जनता ने तेजस्वी यादव को सत्ता देने से इनकार किया, उसी तरह असम की जनता भी ऐसे नेतृत्वों को कभी स्वीकार नहीं करेगी.

उन्होंने आरोप लगाया कि अखिल गोगोई अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं कर पाए हैं, इसलिए असम की जनता उन्हें कभी गंभीर नेतृत्व के रूप में नहीं देखेगी. वहीं, गौरव गोगोई जोरहाट से सांसद होकर भी जोरहाट में नहीं जाते हैं.

सीएम उमर अब्दुल्ला को बड़ा झटका है जम्मू-कश्मीर उपचुनाव के नतीजे

- फायदे में बीजेपी और पीडीपी

एजेंसी। जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के नगरोटा सीट से बीजेपी उम्मीदवार जीत गई है, जबकि बडगाम में महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी ने जीत दर्ज की है. बीजेपी ने जम्मू-कश्मीर की नगरोटा विधानसभा क्षेत्र पर अपना कब्जा बरकरार रखा है. यहां से बीजेपी की देवयानी राणा ने जीत दर्ज कर ली है. देवयानी ने अपने दिवंगत पिता एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र सिंह राणा की विरासत को आगे बढ़ाते हुए 24,647 मतों के अंतर से जीत हासिल की. देवयानी राणा ने मतगणना शुरू होने के बाद से बढ़त बनाए रखी. उन्होंने 42,350 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी (जेकेएनपीपी) के उम्मीदवार हर्ष देव सिंह को हराया, जिन्हें 17,703 वोट मिले. नेशनल कॉन्फ्रेंस की शमीम बेगम 10,872 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं.

बिहार चुनाव में चिराग पासवान ने निभाई 'हनुमान' वाली भूमिका

संवाददाता । पटना

बिहार चुनाव नतीजों से जहां राजग का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर है, तो वहीं महागठबंधन को अर्श से फर्श पर ला दिया है. बिहार के अप्रत्याशित नतीजों में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान की भूमिका काफी प्रशंनीय मानी जा रही है. चिराग की पार्टी लोजपा इस चुनाव में बेहतरीन कमबैक किया है. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा लोजपा ने 29 सीटों पर चुनाव लड़ा था और

बेहतरीन स्ट्राइक रेट के साथ 19 सीटों पर जीत दर्ज की है.बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा और जदयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ रहे थे. इस चुनाव में लोजपा 29 सीटों पर लड़ रही थी.एनडीए के बड़े दलों ने इस चुनाव में मजबूत और शुरुआत की और बाद में चिराग की पार्टी ने बेहतरीन फिनिशर की भूमिका निभाते हुए एनडीए को जबरदस्त बढ़त दिलाई. 29 में से 19 सीटों पर जीते, यानी लगभग शानदार स्ट्राइक रेट के साथ चिराग की पार्टी ने 5 फीसदी से ज्यादा वोट शेयर हासिल कर बेहतरीन परफॉर्मेंस दी है.साल 2024 लोकसभा चुनाव में चिराग की पार्टी ने 5 की 5 सीटों पर जीत दर्ज की थी. चिराग के इस शानदार प्रदर्शन पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें 'हनुमान' कहा था.

राजग का 'एमवाई' फार्मूला महागठबंधन के 'एमवाई' फैक्टर पर पड़ा भारी

संवाददाता । पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों ने सियासत में बड़ा उलटफेर किया है. सत्ता पाने की आस लगाए बैठे महागठबंधन को बिहार की जनता ने उम्मीदों के आसमान से असलियत की जमीन पर लाने का काम किया है. बिहार की राजनीति में एमवाई (मुस्लिम-यादव) फैक्टर की बड़ी गूंज सुनाई देती है. महागठबंधन में शामिल राजद , कांग्रेस और अन्य वाम दलों का प्रमुख वोट बैंक एमवाई फैक्टर ही माना जाता है, लेकिन इस पर महागठबंधन की बजाय राजग को 'एमवाई' फैक्टर यानी (महिला+युवा) महागठबंधन के एमवाई (मुस्लिम-यादव) पर भारी पड़ा है.

नीतीश कुमार ने इस बार एमवाई (महिला + युवा) फैक्टर को ऐसा बूस्टर डोज दिया है कि महागठबंधन पूरी तरह फंस गया, जिस एमवाई (मुस्लिम + यादव) समीकरण पर लालू-तेजस्वी की राजनीति दशकों से टिकी है, उसी को नीतीश ने एमवाई (महिला + युवा) में बदल कर और वह भी इतनी चालाकी से कि महागठबंधन को समझते-समझते देर हो गई. आलम यह रहा है कि मुस्लिम बहुल इलाकों में भी राजग के पक्ष में खूब वोट पड़े हैं और इन इलाकों से राजग के प्रत्याशी चुनाव जीतकर आए हैं.

इस भारी जीत के पीछे सबसे बड़ा फैक्टर माना जा रहा है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नया 'एमवाई फार्मूला'. राजनीतिक विश्लेषक व वरिष्ठ पत्रकार लव कुमार मिश्र ने बताया कि दशकों से बिहार की राजनीति में एमवाई का मतलब रहा-मुस्लिम+यादव, जो राजद की सबसे मजबूत सामाजिक समीकरण माना जाता था, लेकिन इस बार नीतीश कुमार ने इसे पूरी तरह बदल दिया और एमवाई को एक नया अर्थ दे दिया महिला+युवा. नीतीश कुमार की रणनीति बेहद सटीक और जमीन से जुड़ी रही. महिलाओं के लिए 'मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना', शराबबंदी, सुरक्षा योजनाएं और लड़कियों की शिक्षा पर फोकस ने महिला

मतदाताओं को बड़ी संख्या में राजग के पक्ष में कर दिया. वहीं, युवाओं को नौकरी, कौशल विकास और 'जंगलराज' की याद दिलाकर राजग ने युवा मतदाताओं को भी मजबूती से साधा.

राजनीतिक विशलेषकों के अनुसार, बिहार में मुख्य चुनावी मुद्दों में से एक नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राजग सरकार की ओर से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के तहत महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपये डालना एक निर्णायक मुद्दा बन गया, खासकर महिला मतदाताओं के बीच. इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था.

बिहार विधानसभा के लिए दो चरणों में हुए मतदान में इस बार रिकॉर्ड मतदान हुआ. राज्य में दोनों चरणों में 67 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. दोनों चरणों में पुरुषों की तुलना में कम से कम 4,34,000 अधिक महिलाओं ने मतदान किया. प्रतिशत के हिसाब से महिलाओं का मतदान प्रतिशत 71.6 फीसदी रहा, जबकि पुरुषों का 62.8 फीसदी रहा. दोनों चरणों में महिलाओं और युवाओं ने बढ़—चढ़कर हिस्सा लिया.

मतदान केंद्रों के बाहर महिला मतदाताओं की लम्बी-लम्बी लाइनों से इस बात का अनुमान लगाया जा रहा था कि इस बार के चुनाव नतीजे ऐतिहासिक होंगे. बतौर मतदाता पंजीकृत पुरुषों की संख्या लगभग 3.94 करोड़ थी, जबकि पंजीकृत महिलाओं की संख्या लगभग 3.51 करोड़ थी.

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि मुस्लिम बहुल इलाकों में भी इस बार राजग को अपेक्षा से कहीं अधिक वोट मिले हैं. यही वजह है कि महागठबंधन का पारंपरिक वोटबैंक भी इस चुनाव में बिखर गया. कुल मिलाकर, अब तक के रुझान साफ इशारा कर रहे हैं कि बिहार में एक बार फिर नीतीश कुमार का 'सुशासन मॉडल' जनता की पहली पसंद बना है. नीतीश कुमार ने इस चुनाव में महिलाओं और युवाओं को केंद्र में रखकर प्रचार की पूरी रणनीति बनाई. जहां एक तरफ तेजस्वी यादव 'पढ़ाई-कमाई-दवाई' का नारा दे रहे थे, वहीं नीतीश ने महिलाओं के लिए ठोस काम और युवाओं के लिए जंगलराज की याद को हथियार बनाया.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 **(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार).**

आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.